
Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
# घटती घटना
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -20,रविवार ,20 नवम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

किसी भी दशा में अपनी शक्ति पर घमंड न कर। वह बहरूपिया आकाश हर पल सहस्रों रंग बदलता रहता है।
- हाफिज-

# अमित शाह ने पाकिस्तान पर साधा निशाना

## कुछ देशों और उनकी एजेंसियों ने आतंकवाद को अपनी राष्ट्र नीति बनाया



**नई दिल्ली, 19 नवम्बर 2022 (ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक कार्यक्रम के दौरान आतंकवाद को सबसे बड़ा खतरा बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र, मानवाधिकार, आर्थिक प्रगति और विश्व शांति के लिए आतंक एक गंभीर खतरा है। शाह तीसरे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन नो मनी फॉर टेरर के समापन सत्र में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि, आतंकवाद का सामना करने के लिए पूरे विश्व को कंधे से कंधा मिलाकर काम करना होगा।

### अकेले नहीं कर सकते आतंकवाद का सामना

सम्मेलन के दौरान शाह ने कहा कि, कोई भी देश अकेले आतंकवाद को नहीं हरा सकता है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को आतंकवाद के खिलाफ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ना जारी रखना चाहिए। इस दौरान पाकिस्तान का नाम लिए बिना पड़ोसी देश पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि कुछ देशों और उनकी एजेंसियों ने आतंकवाद को अपनी राज्य नीति बना लिया है। कुछ देश बार-बार आतंकवादियों और आतंकवाद को पनाह देने वालों का समर्थन करते रहे हैं। आतंकवाद की कोई अंतरराष्ट्रीय सीमा नहीं होती, इसलिए सभी देशों को राजनीति से परे सोचना चाहिए और एक-दूसरे का सहयोग करना चाहिए।

### खुफिया जानकारी साझा करने का किया आह्वान

अमित शाह ने आतंकवाद को हराने के लिए विश्व समुदाय के बीच खुफिया जानकारी साझा करने में पारदर्शिता रखने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि, हमारी पहली प्रतिबद्धता पारदर्शिता के साथ सहयोग की होना चाहिए। सभी देशों, सभी संगठनों को बेहतर और प्रभावी तरीके से खुफिया जानकारी साझा करने में पूरी पारदर्शिता का संकल्प लेना चाहिए। युवाओं के बीच कट्टरता को बढ़ावा देने वाले एक संगठन के खिलाफ भारत द्वारा की गई कार्रवाई का हवाला देते हुए गृह मंत्री ने कहा कि हर देश को ऐसे संगठनों की पहचान करनी चाहिए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।

### हर क्षेत्र में करना है आतंकवाद का सामना

उन्होंने कहा कि हमें आतंकवाद और आतंकवादी समूहों के खिलाफ यह युद्ध हर क्षेत्र में लड़ना है। शाह ने कहा कि, आतंकवाद से लड़ने का दृष्टिकोण पांच स्तंभों पर आधारित होना चाहिए। जिसमें व्यापक निगरानी ढांचा, सभी खुफिया और जांच एजेंसियों के बीच सहयोग, समन्वय और सहयोग शामिल है। साथ ही ट्रेस, टार्गेट और टर्मिनेट की रणनीति भी अपनाई जानी चाहिए।



# मंत्री ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा

## ईडी को अदालत की अवमानना का नोटिस जारी

**नई दिल्ली, 19 नवम्बर 2022 (ए)।** दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन के वीडियो लीक होने के मामले में उनकी लीगल टीम ने राउज एवेन्यू कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ईडी पर कोर्ट की अवमानना का आरोप लगाते हुए विशेष न्यायाधीश विकास ढुल की अदालत में अर्जी दाखिल की है। लीगल टीम का कहना है कि अंडरटेकिंग देने के बावजूद सीसीटीवी कैमरे की फुटेज लीक कर दी गई। कोर्ट ने इस पर ईडी को नोटिस जारी किया है।

### तिहाड़ जेल में पैरों की मालिश करवाते मंत्री सत्येंद्र जैन का वीडियो वायरल

मनी लॉन्ड्रिंग मामले गिरफ्तार होने के बाद दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन का एक सीसीटीवी फुटेट तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह सेल में पैरों की मालिश करवाते नजर आ रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, सत्येंद्र जैन बिस्तर पर लेटे-लेटे कुछ पढ़ रहे हैं, वहीं एक अज्ञात शख्स उनके पैरों की मालिश कर रहा है।

### गरमाई दिल्ली की राजनीति

उधर, पैरों की मालिश कराने का सीसीटीवी फुटेज तेजी से वायरल होने के बाद दिल्ली की राजनीति में भूचाल आ गया है। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ही जमकर हमलावर हो गई हैं।

### क्या कहा आप ने ?

आप की ओर से कहा गया है कि जेल में सत्येंद्र जैन के लिए खास तरह का इलाज चल रहा है। पार्टी की ओर से सफाई में कहा गया कि शारीरिक समस्या के चलते जेल में रह रहे लोगों को कोर्ट के आदेश के तहत इलाज की इजाजत दी जाती है। इसके अलावा कहा गया कि आक्सीजन की कमी के कारण सत्येंद्र जैन को कई बार एक्यूपंक्चर थेरेपी दी जाती है। इस वायरल वीडियो में भी यही थेरेपी दी जा रही है।

### भाजपा का आप पर हमला

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जेल के सारे नियम-कानून ताक पर रख कर एक भ्रष्ट मंत्री को जेल में सारी सुविधाएं दी जा रही हैं। जेल में एक कैदी को मसाज दिया जा रहा है। ऐसा क्यों किया जा रहा है केजरीवाल जी?

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी ने इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि




**नई दिल्ली , 19 नवम्बर 2022 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर शनिवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा, देश की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि दी।

### सात दिसंबर से शुरू होगा संसद का शीतकालीन सत्र



**नई दिल्ली , 19 नवम्बर 2022 (ए)।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने संसद के शीतकालीन सत्र की तारीखों को लेकर जानकारी देते हुए बताया कि इस बार संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से शुरू होगा और यह 29 दिसंबर तक चलेगा।केंद्रीय मंत्री जोशी ने संसद के शीतकालीन सत्र में बैठक और कामकाज को लेकर जानकारी देते हुए ट्वीट किया कि 7 दिसंबर से 29 दिसंबर तक चलने वाले संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 23 दिनों में 17 बैठकें होंगी।

### पंजाब में 4 भाजपा नेताओं पर हमले का खतरा



**चंडीगढ़ , 19 नवम्बर 2022 (ए)।** पंजाब में हाल ही में कांग्रेस का हाथ छोड़ भाजपा का दामन थामने वाले चार नेताओं को केंद्र सरकार की ओर से सुरक्षा प्रदान की गई है। जानकारी है कि कि इन चारों नेताओं को हमले का खतरा है। आईबी की थ्रेट रिपोर्ट के बाद गृह मंत्रालय ने चारों की सुरक्षा बढ़ा दी है। मंत्रालय ने इन्हें एक्स कैटेगरी की सुरक्षा मुहैया कराई है।प्रथम जानकारी के मुताबिक पंजाब के पूर्व कैबिनेट मंत्री बलबीर सिंह सिद्धू, गुरप्रीत सिंह कांगड़, पूर्व एमएलए जगदीप सिंह नकई और अमरजीत सिंह टिक्का को यह सुरक्षा मिली है। अब इन नेताओं को पैरामिलिट्री फोर्स के जवान सुरक्षा देंगे।

### खतौली सीट पर बीजेपी व रालोद के बीच सीधा मुकाबला




**मुजफ्फरनगर , 19 नवम्बर 2022 (ए)।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में विधानसभा की 6 सीटें हैं। इनमें पिछले चुनाव में 4 विधानसभा सीटों पर गठबंधन के उम्मीदवारों को जीत मिली, 2 सीट बीजेपी के खाते में गई थी। अब उपचुनाव मे खतौली विधानसभा सीट पर बीजेपी का सीधा मुकाबला राष्ट्रीय लोक दल पार्टी से है ।

# अरुणाचल प्रदेश के 'डोनी पोलो' हवाई अड्डे का हुआ उद्घाटन




**ईटानगर, 19 नवम्बर 2022 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर के पास राज्य के पहले ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। होलोंगी स्थित डोनी पोलो हवाई अड्डा इस पर्वतीय पूर्वोत्तर राज्य में संपर्क, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देगा। हवाई अड्डे की आधारशिला मोदी ने फरवरी 2019 में रखी थी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले में 600 मेगावाट की कामेंग पनबिजली परियोजना राष्ट्र को समर्पित की। कामेंग पनबिजली परियोजना को पश्चिम कामेंग जिले में 80 किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में 8,450 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया गया है। इससे अरुणाचल प्रदेश को बिजली अधिशेष राज्य बनाने और राष्ट्रीय ग्रिड को स्थिरता एवं एकीकरण के मामले में लाभ होने की उम्मीद है।

# बीजेपी महासचिव बीएल संतोष को एसआईटी का समन

### » विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले में पूछताछ के लिए बुलाया

**हैदराबाद , 19 नवम्बर 2022 (ए)।** तेलंगाना में टीआरएस विधायकों की खरीद-फरोख्त का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले की जांच कर रही एसआईटी ने अब भाजपा नेता बीएल संतोष को तलब किया है। जांच एजेंसी ने उन्हें 21 नवंबर को पुलिस थाने में पेश होने के लिए कहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, अगर संतोष पेश नहीं होते हैं तो उन्हें गिरफ्तार भी किया जा सकता है। मालूम हो कि बीएल संतोष भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव भी हैं।



टीआरएस सरकार ने 9 नवंबर को इस मामले की जांच के लिए 7 सदस्यीय विशेष जांच दल गठित करने का आदेश दिया था। बीते मंगलवार को तेलंगाना हाई कोर्ट ने कहा था कि विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले को लेकर एसआईटी जांच जारी रहेगी। चीफ जस्टिस उज्ज्वल भुइयां और जस्टिस सी. वी. भास्कर रेड्डी की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि जांच के दौरान एकत्र की गई सामग्री को चुनिंदा आधार पर लीक नहीं किया जाएगा। दरअसल भाजपा ने पूरे मामले की सीबीआई से जांच की अपील की थी।

हाल ही में टीआरएस के उन चार विधायकों ने अज्ञात लोगों से धमकी भरे फोन आने की शिकायत की थी जिन्हें पार्टी छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए कथित तौर पर धन का प्रलोभन दिया गया था। इन चार विधायकों में पायलट रोहित रेड्डी, बी हर्षवर्धन रेड्डी, रेगा कांथा राव और गुव्वाला बलराजू शामिल हैं। इन विधायकों का दावा है कि उन्हें अज्ञात लोगों ने धमकी दी है।

विधायकों को प्रलोभन देने के मामले में दर्ज स्नढ्डक्र की कॉपी के अनुसार, रोहित रेड्डी ने आरोप लगाया कि उन्हें 100 करोड़ रुपये की पेशकश की गई और बदले में टीआरएस छोड़ने के लिए कहा गया। इसके अलावा उनको अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने के लिए भी कहा गया। वहीं, तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर ने दावा किया था कि उनकी पार्टी के चार विधायकों को दिल्ली के ब्रोकरों ने खरीदने की कोशिश की, लेकिन हमें कोई तोड़ नहीं सकता है।



# पैसे देकर धर्मांतरण का मामला, एनसीडब्ल्यू ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया

**नई दिल्ली , 19 नवम्बर 2022 (ए)।** राष्ट्रीय महिला आयोग ने एक ट्विटर वीडियो का संज्ञान लिया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि मध्य प्रदेश के दमोह में एक दलित महिला और उसके पति ने पैसे के बदले ईसाई धर्म अपना लिया। एनसीडब्ल्यू ने एक प्रेस नोट जारी किया जिसमें लिखा था, राष्ट्रीय महिला आयोग को ट्विटर पर एक वीडियो मिला है जिसमें आरोप लगाया गया है कि मध्य प्रदेश के दमोह में एक दलित जोड़े को एक धार्मिक नेता और उसके लोगों द्वारा पैसे के बदले ईसाई धर्म में परिवर्तित किया गया। जब दंपति ने चर्च जाना बंद कर दिया, धार्मिक नेता और उनके अनुयायियों ने कथित तौर पर उन्हें धमकी दी और दिए गए पैसों के चार गुना पैसे की मांग की।

यह भी आरोप लगाया गया है कि जोड़े ने पुलिस से भी शिकायत की, लेकिन इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई।' एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने मध्य प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को लिखा है कि आरोपों की पुष्टि होने पर तुरंत एक प्राथमिकी दर्ज की जाए और आरोपी और उसके गिरोह को हिरासत में लिया जाए। शर्मा ने कहा- आयोग ने मामले में कार्रवाई न करने वाले लापरवाह पुलिस अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। आयोग ने दमोह के जिलाधिकारी को भी लिखा है कि आरोप सही साबित होने पर व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।




# डाटा चोरी पर अब लगेगा 500 करोड़ रुपये तक का जुर्माना

**नई दिल्ली , 19 नवम्बर 2022 (ए)।** डाटा चोरी के बढ़ते मामलों के कारण केंद्र सरकार द्वारा सख्त कदम उठाते हुए नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। नियमों के उल्लंघन पर अब दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। केंद्र सरकार ने जारी डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल 2022 के मसौदे के तहत प्रस्तावित प्रावधानों का उल्लंघन करने पर जुर्माने की राशि 500 करोड़ रुपये तक बढ़ा दी है। 2019 में ड्राफ्ट पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन बिल में 15 करोड़ रुपये या किसी इकाई के वैश्विक कारोबार का 4 प्रतिशत जुर्माना लगाने का प्रस्ताव है। मसौदे में भारतीय डेटा संरक्षण बोर्ड स्थापित करने का प्रस्ताव है, जो बिल के प्रावधानों के अनुसार कार्य करेगा।

### 500 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होगा जुर्माना

मसौदे में कहा गया है, 'यदि बोर्ड जांच के निष्कर्ष पर यह निर्धारित करता है कि किसी व्यक्ति द्वारा गैर-अनुपालन महत्वपूर्ण है, तो वह व्यक्ति को सुनवाई का उचित अवसर देने के बाद, अनुसूची 1 में निर्दिष्ट ऐसा वित्तीय दंड लगा सकता है, जो प्रत्येक मामले में पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक नहीं होगा।

### ग्रेडेड पेनल्टी सिस्टम का प्रस्ताव

मसौदे में डेटा फिड्यूशरी के लिए एक ग्रेडेड पेनल्टी सिस्टम का प्रस्ताव किया गया है जो केवल अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार डेटा मालिकों के व्यक्तिगत डेटा को प्रोसेस करेगा। दंड का एक ही सेट डेटा प्रोसेसर पर लागू होगा ङ्क जो एक ऐसी इकाई होगी जो डेटा फिड्यूशरी की ओर से डेटा संसाधित करेगी।

### उपभोक्ताओं के डाटा दुरुपयोग पर लगाएगा लगाम

मसौदे में 250 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रस्ताव है, अगर डेटा फड़्यूशरी या डेटा प्रोसेसर अपने कब्जे में या उसके नियंत्रण में व्यक्तिगत डेटा उल्लंघनों के खिलाफ सुरक्षा करने में विफल रहता है। मसौदा 17 दिसंबर तक सार्वजनिक टिप्पणी के लिए खुला है।

# हेमंत सरकार के खिलाफ शिक्षकों का प्रदर्शन

**रांची,, 19 नवम्बर 2022 (ए)।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर विभिन्न जिलों के प्राथमिक शिक्षकों ने शनिवार को हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ रांची की सड़कों पर जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया।

शिक्षकों ने इस दौरान मुख्यमंत्री आवास को घेरने की कोशिश की, लेकिन कुछ दूर पहले ही प्रशासन ने उन्हें रोक दिया। नाराज शिक्षकों ने कहा कि अगर उनकी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार नहीं किया गया तो 17 दिसंबर 2022 से वह अनशन करेंगे। यह अनशन अनिश्चितकालीन होगा।



जानकारी के अनुसार, करीब 15 हजार प्राथमिक शिक्षक रांची के ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान के बाबू वाटिका में एकत्र हुए। इसके बाद जुलूस के रूप में रेडियम रोड, कचहरी चौक तथा राजभवन होते हुए मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने लगे।

लेकिन बड़ी संख्या में तैनात पुलिस प्रशासन ने इन्हें सीएम आवास नहीं घेरने दिया। प्रदर्शन के दौरान शिक्षक सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे थे। इनका कहना था कि सरकार इनकी मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं कर रही है। इस कारण इन्हें क्षति हो रही है। प्रदर्शन कर रहे प्राथमिक शिक्षकों का कहना है कि उन्हें राज्य कर्मचारियों की तरह एमएसीपी का लाभ दिया जाए। यही नहीं छठे वेतन आयोग की विसंगतियों को दूर कर एंट्री पे स्केल की सुविधा दी जाए।

# महरौली हत्याकांड:दूसरे दिन की तलाश में पुलिस को नहीं मिला हथियार

**नई दिल्ली , 19 नवम्बर 2022 (ए)।** श्रद्धा वाकर की जघन्य हत्या की जांच कर रही दिल्ली पुलिस ने शनिवार को यहां एक जंगल में मेटल डिटेक्टर का इस्तेमाल कर हत्या के हथियार की तलाश की, लेकिन डेढ़ घंटे बाद खाली हाथ लौट आई. सूत्रों ने यह जानकारी दी. डीएलएफ फेज 3 इलाके में जंगल में तलाश शुक्रवार को शुरू हुई जब पुलिस को शक हुआ कि आरोपी आफताब अमीन पूनावाला, 27 वर्षीय वाकर की लिव-इन पार्टनर, ने कथित तौर पर उसकी हत्या करने के बाद यहां हथियार फेंक दिया।

शुक्रवार को पुलिस ने जंगल से एक काले पॉलीथिन बैग में कुछ सामान बरामद किया था. दिल्ली में पुलिस सूत्रों ने कहा कि वे वाकर के शरीर के कुछ हिस्से थे और उसका सिर अभी भी गायब है। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है.

इस बीच, पुलिस ने शनिवार को दक्षिण दिल्ली के महरौली स्थित पूनावाला के घर से एक नुकीली चीज बरामद की है और इसे जांच के लिए भी भेजा जाएगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि वाकर के शरीर को काटने के लिए इसका इस्तेमाल किया गया था या नहीं। उन्होंने घर के सभी कपड़े भी अपने कब्जे में ले लिए। उन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। हालांकि, इसमें वे कपड़े शामिल नहीं हैं, जो पूनावाला और वाकर ने 18 मई को हत्या के दिन पहने थे, पुलिस सूत्रों ने कहा।



उन्होंने कहा कि आफताब के कार्यालय के सहयोगियों, जिन्हें श्रद्धा फोन करके अपनी आपबीती सुनाती थी, से आगे पूछताछ की जा सकती है।

दिल्ली पुलिस ने पूनावाला के घर में मौजूद सभी कपड़ों को अपने कब्जे में ले लिया है। इनमें वॉकर के कपड़े भी शामिल हैं। पुलिस विभाग के एक सूत्र ने कहा, उन्हें फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा। पूनावाला ने कथित तौर पर वॉकर का गला घोंट दिया और उसके शरीर के 35 टुकड़े कर दिए, जिसे उसने लगभग तीन सप्ताह तक अपने घर में 300 लीटर के फ्रिज में रखा और उसके बाद आधी रात को शहर और बाहर फेंक दिया।

पुलिस अब तक शरीर के 13 अंग बरामद कर चुकी है, जिनमें ज्यादातर कंकाल के अवशेष हैं। सूत्र ने कहा कि पूनावाला को फिलहाल शरीर के और अंगों का पता लगाने के लिए दक्षिणी दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर ले जाया जा रहा है।

दिल्ली पुलिस ने मामले में साक्ष्य की तलाश के लिए शुक्रवार को टीमें महाराष्ट्र, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश भेजी थीं।

अधिकारियों के अनुसार, मुंबई छोड़ने के बाद, वाकर और पूनावाला ने हिमाचल प्रदेश सहित कई स्थानों की यात्रा की थी, और पुलिस यह पता लगाने के लिए इन स्थानों का दौरा कर रही है कि क्या उन यात्राओं के दौरान किसी घटनाक्रम ने पूनावाला को अपने साथी को मारने के लिए प्रेरित किया।

CMYK

## संपादकीय

# राहुल,प्रियंका का आत्मघाती दस्ता

राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस पार्टी का भविष्य हैं। लेकिन राजनीति में सक्रिय होमे के बाद से दोनों ने जाने अनजाने में ऐसे नेताओं को आगे बढ़ाया, जो कांग्रेस के लिए फिदायीन साबित हुए, जिन्होंने अपने छोटे स्वार्थों में कांग्रेस का बड़ा नुकसान किया। सोचें, सोनिया गांधी अध्यक्ष बनीं तो उन्होंने कैसे लोगों को आगे बढ़ाया और राहुल-प्रियंका ने कैसे लोगों की मदद की! सोनिया ने जिनको आगे बढ़ाया उनमें अपवाद के लिए दो-तीन लोग ही होंगे, जिन्होंने कांग्रेस छोड़ी, भाजपा के साथ गए या कांग्रेस का नुकसान किया। इसके उलट राहुल व प्रियंका ने जिनको आगे बढ़ाया, उनमें ज्यादातर ने कांग्रेस का नुकसान किया।

पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू का प्रयोग इसकी बड़ी मिसाल है। प्रदेश के तमाम बड़े नेताओं की कीमत पर सिद्धू को बढ़ाया गया, जिन्होंने अपनी बयानबाजी और गुटबाजी के जरिए पार्टी का भट्ठा बैठाने में बड़ी भूमिका निभाई। अजय माकन वैसा ही काम कर रहे हैं, जैसा सिदधू ने पंजाब में किया। माकन ने राजस्थान के प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया है। परिवार के प्रति उनकी निष्ठा को लेकर कोई सवाल नहीं है। लेकिन सोचें, उन्होंने कितना गलत समय चुना। प्रदेश में दिसंबर के पहले हफ्ते में एक उपचुनाव होना है, उसी समय राहुल गांधी की यात्रा राजस्थान पहुंचने वाली है और उसी समय गुजरात में मतदान होना है।

सोचें, माकन ने क्या सोच कर यह समय चुना? उन्होंने यही सोचा होगा कि इसका असर ज्यादा होगा या इससे कांग्रेस को ज्यादा नुकसान होगा! सितंबर के आखिरी हफ्ते की घटना को लेकर उन्होंने आठ नवंबर को कांग्रेस अध्यक्ष को चिट्ठी लिखी। ध्यान रहे दिल्ली के डिजास्टर के बाद भी कांग्रेस ने उनको बड़े पदों पर बनाए रखा और इस साल हरियाणा से राज्यसभा की टिकट भी दी, जहां वे एक वोट से हार गए। बहरहाल, ऐसे लोगों की लंबी सूची है। राहुल ने ज्योतिरादित्य सिंधिया, आरपीएन सिंह और जितिन प्रसाद तीनों को केंद्र में मंत्री बनवाया था। ज्योतिरादित्य ने तो 15 साल बाद मध्य प्रदेश में बनी कांग्रेस की सरकार को ही गिरवा दिया। जितिन और आरपीएन भी अलग अलग समय पर भाजपा के साथ चले गए।

सचिन पायलट भी चले ही गए थे, लेकिन कुछ ऐसा हुआ, जिससे उनका प्रयास सफल नहीं हो सका।


## लफ्जों को नफासत से



**पुष्पा स्वाती**
मुम्बई

लफ़्ज़ों को नफ़ासत से सजाओ तो गजल है
बुझते हुये चराग़ जलाओ तो ग़ज़ल है
अफ़साना दर्द से भरा हो या मोहब्बत का
अश्कों को निगाहों में बसाओ तो ग़ज़ल है
बातें सबा की हों या गुलों की बहारों की
फ़लक से चांद तोड़ के लाओ तो ग़ज़ल है
हो ज़िक्र शबे ग़म का या खुशी की हो सहर
अर्ज़े बयां या तर्ज़े सुनाओ तो ग़ज़ल है
राहें हों अज़नबी या हो रुहानी हमसफ़र
बनकर ख़याल रुह पे छाओ तो ग़ज़ल है
तारीफ़ हुस्न की हो या वफ़ा का हो चर्चा
आईने से नज़रों को मिलाओ तो ग़ज़ल है

## तलाश



**प्रियंका अग्निहोत्री गीत**
वाराणसी उत्तरप्रदेश

किसी दास्तां की तलाश कर
घर के निशां की तलाश कर
जो उड़ा दिए थे आंधी ने
उस साएबां की तलाश कर
गुलशन फ़क़त क़ाफ़ी नहीं
गुल के जहां की तलाश कर
घर जैसा होगा सुकूं जहाँ
ऐसे मकां की तलाश कर
गीत ज़मीं पे चल के भी
तू आसमां की तलाश कर

## मिली है नसीब से



**ओमप्रकाश बिन्जवे राजसागर**
भोपाल,मध्यप्रदेश

मिली है नसीब से ,न कहो जिंदगी अच्छी नहीं।
खुल के मिलो जिंदगी से,ये बेरुखी अच्छी नहीं।
अच्छी बात है, चेहरे पे तबस्सुम रखना,
मगर याद रहे, बेवक्त की हँसी अच्छी नहीं।
यौवन की दहलीज पे रखना कदम देख के,
सरे महफिल आपकी ये बेबाकी अच्छी नहीं।
हुस्नपरस्तों से मिलना तुम जरा सँभल के,
दुश्मनी अच्छी नहीं, इन से दोस्ती अच्छी नहीं।
आँखो में हो हया का परदा,तो खूबसूरत है,
ये बेहयाई के ये बेवफाई कभी अच्छी नहीं।

## गर्जना



**आशीष शर्मा अमृत**
जयपुर, राजस्थान

अभी भी वक़्त है, खुद को ढूंढ लो ज़रा
कहीं जो गुम है कब से, उसे पा लो ज़रा
भुला न देना खुद को ये दुनिया के मेले में
बड़े कीमती हो तुम,बस ये समझ लो ज़रा
ज़ालिम है दुनिया,तुम्हें खुद से जुदा कर देगी
अपने सांचे में तुम्हें ढलने पे मजबूर कर देगी
खुद को उस सांचे में न पिघलने दो ज़रा
अपने वजूद की भी तो इबादत करो ज़रा
टूटने न देना ये विश्वास जो जगा है तुम में
वक़्त का है खेल,उसे काबू में कर लो ज़रा
विश्वास की ज्वाला, हर बाधा राख कर देगी
तुम्हें सही राह दिखा,मंज़िल आसान कर देगी
क्या नहीं जो कर सकते,कदम तो बढ़ाओ ज़रा
हर मंज़िल तुम हो पा सकते, हौसला रखो ज़रा
जो असंभव को संभव कर दे वो जज़्बा है तुम में
कर गर्जना,अपने होने का ये ऐलान कर दो ज़रा

# विदेशों में भी मनाया जाता है बाल दिवस



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़, नई दिल्ली

### बच्चों से जुड़े मुद्दे का हो समाधान

बाल दिवस केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व के अधिकांश देशों में मनाया जाता है। भारत में बाल दिवस प्रतिवर्ष 14 नवम्बर को मनाया जाता है लेकिन बच्चों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यह दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है। यह दिवस हमें बच्चों के अधिकारों की वकालत करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। वर्ष 2022 के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस की थीम है 'इंक्लूजन, फॉर एवरी चिल्ड्रन', जिसका उद्देश्य बच्चों को बेहतर भविष्य और अधिक समान एवं समावेशी दुनिया के लिए सशक्त बनाना है। वैश्विक स्तर पर इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दुनियाभर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना, उनकी समस्याओं को हल करना, उनके कल्याण के लिए काम करना तथा अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देना है। बाल दिवस दुनियाभर में 191 देशों में मनाया जातता है और अनेक देशों में इसे मनाने की तारीखें अलग-अलग हैं। जनवरी माह से लेकर दिसम्बर तक हर माह किसी न किसी देश में बाल दिवस का आयोजन होता है। वैसे तो बाल दिवस मनाए जाने की शुरूआत वर्ष 1925 से ही हो गई थी लेकिन वैश्विक रूप में देखें तो इसे दुनियाभर में मान्यता मिली 1953 में।




संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 नवम्बर 1954 को 'अंतर्राष्ट्रीय बाल दिवस' मनाए जाने की घोषणा की गई थी, जिसका उद्देश्य यही था कि इस विशेष दिन के माध्यम से अलग-अलग देशों के बच्चे एक-दूसरे के साथ जुड़ सकें, जिससे उनके बीच आपसी समझ तथा एकता की भावना मजबूत हो सके। सर्वप्रथम बाल दिवस जेनेवा के इंटरनेशनल यूनियन फॉर चाइल्ड वेलफेयर के सहयोग से विश्वभर में अक्तूबर 1953 में मनाया गया था। विश्वभर में बाल दिवस मनाए जाने का विचार वी के कृष्ण मेनन का था, जिसे संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1954 में अपनाया गया था। संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्वभर के तमाम देशों से अपील की गई थी कि वे अपनी परम्पराओं, संस्कृति तथा धर्म के अनुसार अपने लिए कोई एक ऐसा दिन सुनिश्चित करें, जो सिर्फ बच्चों को ही समर्पित हो। वैसे बाल दिवस दुनियाभर में 190 से भी ज्यादा देशों में अलग-अलग दिन मनाया जाता है

दुनियाभर में बाल दिवस के माध्यम से लोगों को बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, बाल मजदूरी इत्यादि बच्चों के अधिकारों के प्रति जगरूक करने का प्रयास किया जाता है। माना जाता है कि सबसे पहले बाल दिवस तुर्की में मनाया गया था। आइए देखते हैं कि दुनियाभर में किन देशों द्वारा कब बाल दिवस मनाया जाता है। जनवरी के पहले शुक्रवार को बहामास में, 11 जनवरी को ट्यूनीशिया, जनवरी के दूसरे शनिवार को थाईलैंड, फरवरी के दूसरे रविवार कुक द्वीप समूह, नाउरू, निउए, टोकेलौ तथा केमन द्वीप समूह में, 13 फरवरी को म्यांमार, मार्च के पहले रविवार को न्यूजीलैंड, 17 मार्च को बांग्लादेश, 4 अप्रैल को चीनी ताइपे, हांगकांग, 5 अप्रैल को फिलीस्तीन, 12 अप्रैल को बोलिविया तथा हैती, 23 अप्रैल को तुर्की, 30 अप्रैल को मेक्सिको, 5 मई को दक्षिण कोरिया तथा जापान, मई के दूसरे रविवार को स्पेन तथा यूके, 10 मई को मालदीव, 17 मई को नार्वे, 27 मई को नाईजीरिया, मई के आखिरी रविवार को हंगरी, 1 जून को चीन सहित कई देशों में बाल संरक्षण दिवस के रूप में, 1 जुलाई को पाकिस्तान, जुलाई के तीसरे रविवार को क्यूबा, पनामा, वेनेजुएला, 23 जुलाई को इंडोनेशिया, अगस्त के पहले रविवार को उरुग्वे, 16 अगस्त को पैराग्वे, अगस्त के तीसरे रविवार को अर्जेन्टीना तथा पेरू, 9 सितम्बर को कोस्टा रीका, 10 सितम्बर को हौण्डुरस, 14 सितम्बर को नेपाल, 20 सितम्बर को आस्ट्रिया तथा जर्मनी, 25 सितम्बर को नीदरलैंड, 1 अक्तूबर को अल साल्वाडोर, ग्वाटेमाला तथा श्रीलंका, अक्तूबर के पहले बुधवार को चिली, अक्तूबर के पहले शुक्रवार को सिंगापुर, 8 अक्तूबर को ईरान, 12 अक्तूबर को ब्राजील, अक्तूबर के चौथे शनिवार को मलेशिया, अक्तूबर के चौथे रविवार को आस्ट्रेलिया, नवम्बर के पहले शनिवार को दक्षिण अफ्रीका, 14 नवम्बर को भारत, 20 नवम्बर को अजरबैजान, कनाडा, साइप्रस, मिस्त्र, इथियोपिया, फिनलैंड, फ्रांस, यूनान, आयरलैंड, इजराइल, केन्या, मैसिडोनिया, नीदरलैंड, फिलीपींस, सर्बिया, स्लोवेनिया, दक्षिण अफ्रीका, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, त्रिनिदाद व टोबेगो सहित अनेक देशों में, 5 दिसम्बर को सूरीनाम, 23 दिसम्बर को सूडान तथा 25 दिसम्बर कांगो गणराज्य, कैमरून तथा भूमध्यरेखीय गिनी में बाल दिवस का आयोजन किया जाता है।

बहरहाल, अपनी-अपनी सहूलियत के आधार पर विभिन्न देशों द्वारा अलग-अलग तारीखों पर बाल दिवस मनाया जाता है लेकिन हर जगह बाल दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि इसके जरिये लोगों को बच्चों के अधिकारों तथा सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा सके और बच्चों से जुड़े मुद्दों का समाधान किया जा सके।

# भारत के लिए जी-20 ग्लोबल साउथ का नेतृत्व संभालने का अवसर



**प्रियंका सौरभ**
हिसार हरियाणा

भारत के लिए जी-20 की अध्यक्षता ग्लोबल साउथ का नेतृत्व संभालने का अवसर है। संयुक्त राष्ट्र जैसे बहुपक्षीय संगठनों में सुधार पर वैश्विक सहमति बनाना, कोविड के बाद के युग के लिए एक नई विश्व व्यवस्था की ओर पहला कदम था। जलवायु परिवर्तन, कोविड-19 महामारी और यूक्रेन में युद्ध जैसी चुनौतियों का सामना कर रही दुनिया में जी20 की प्रासंगिकता बढ़ी है। भारत की अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई-उन्मुख होगी, जैसा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता थीम ÷एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य÷ द्वारा दर्शाया गया है। सदस्य वर्तमान में विश्व सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 80त्न, वैश्विक व्यापार का 75त्न और वैश्विक जनसंख्या का 60त्न हिस्सा हैं। प्रेसीडेंसी, इससे पहले और बाद में (ट्रोइका) प्रेसीडेंसी रखने वाले देशों द्वारा सहायता प्राप्त, प्रत्येक वर्ष के शिखर सम्मेलन के एजेंडे को निर्धारित करने के लिए जिम्मेदार है। अगले साल जी-20 का ÷ट्रोइका÷ भारत, इंडोनेशिया और ब्राजील के साथ पहली बार उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं से मिलकर बनेगा। बाली जी-20 शिखर सम्मेलन का आदर्श वाक्य है एक साथ उबरो, मजबूत बनो। जबकि ध्यान महामारी के बाद की वसूली और यूक्रेन में रूसी युद्ध से प्रभावित ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा से निपटने पर होगा, बहुत रुचि इस बात पर होगी कि नेता किस किनारे पर द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित करना चुनते हैं। नेता तीन सत्रों में चर्चा में शामिल होंगे- खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, वैश्विक बुनियादी ढांचे और निवेश के लिए स्वास्थ्य भागीदारी और डिजिटल परिवर्तन पर। भारत ग्लोबल साउथ और भू-राजनीतिक तनाव, भोजन और ईंधन की कमी के कारण होने वाली समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करेगा।

दुनिया को स्पष्ट रूप से विभाजित करने वाले मुद्दों पर वैश्विक सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा। दुनिया भर में चल रहे तनाव की पृष्ठभूमि के खिलाफ द्विपक्षीय वार्ता की एक श्रृंखला होगी, जिसमें यूक्रेन के आक्रमण और आगामी आर्थिक और पर्यावरणीय परिणाम, जलवायु संकट, उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम और चीन की बढ़ती वैश्विक आकांक्षाओं के कारण होने वाले तनाव शामिल हैं। विश्व अर्थव्यवस्था की स्थिति, ऊर्जा, पर्यावरण, कृषि, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन से संबंधित मुद्दों सहित कई समकालीन ज्वलंत विषयों पर व्यापक चर्चा की जाएगी।




जी-20- अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, दक्षिण कोरिया, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूके, यूएसए और यू.एस. यूरोपीय संघ (ईयू) को प्रतिबद्धताओं की निगरानी करने और एजेंडे में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए उद्देश्य, दृष्टि और मिशन वक्तव्य, एक स्थायी सचिवालय और कर्मचारियों को शामिल करना है। जी-20, अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के बजाय घरेलू प्रतिबद्धताओं पर ध्यान केंद्रित कर सकता है और उन्हें लागू करना शुरू कर सकता है।

संयुक्त बयान में रूस के लिए भारत का संदेश शामिल है- ÷आज का युग युद्ध का नहीं होना चाहिए÷ यह एक संदेश है, जो भारत के रचनात्मक, सहकारी और आम सहमति बनाने वाले दृष्टिकोण का परिणाम है, जिसने रूस और पश्चिमी देशों के बीच की खाई को पाटने में मदद की। भारत पहली बार इस पैमाने का अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन (नई दिल्ली में 9 और 10 सितंबर, 2023 से) आयोजित कर रहा है। भारत की अध्यक्षता समावेशी, महत्वाकांक्षी, निर्णायक और कार्रवाई-उन्मुख होगी, जैसा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता थीम ÷एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य÷ द्वारा दर्शाया गया है।

दुनिया की दो सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाओं - अमेरिका और चीन की बैठक- ऐसे समय में जब उनके देशों के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए हैं, उनकी बैठक को खंडित संबंधों के पुनर्निर्माण की दिशा में एक बढ़ते कदम के रूप में देखा जा रहा है। रूस और पश्चिम के बीच विभाजन विशेष रूप से पोलैंड में ÷रूसी निर्मित÷ मिसाइल लैंडिंग की खबर के बाद - एक नाटो सदस्य देश।

भारत के लिए जी-20 की अध्यक्षता ग्लोबल साउथ का नेतृत्व संभालने का अवसर है। संयुक्त राष्ट्र जैसे बहुपक्षीय संगठनों में सुधार पर वैश्विक सहमति बनाना, कोविड के बाद के युग के लिए एक नई विश्व व्यवस्था की ओर पहला कदम था। जलवायु परिवर्तन, कोविड-19 महामारी और यूक्रेन में युद्ध जैसी चुनौतियों का सामना कर रही दुनिया में जी20 की प्रासंगिकता बढ़ी है।

## पुरुष दिवस



**प्रेमा पटेल**
वाराणसी
उत्तरप्रदेश

पुरुष के बिना स्त्री का है कोई मोल नहीं।
दोनों के अस्तित्व को कोई सकता तोल नहीं।
स्त्री यदि जीवन देने वाली, पुरुष है निभाने वाला।
माया की पहली शिक्षक है पिता जीवन की सीख देने वाला।
कठोर कर्म पथ पर रहता है कभी ना आंसू आने देता।
खुदा आंसू पी कर घर भर को खुशियां देता ।
स्त्री की रक्षा खातिर स्वयं रहता है तैयार।
कितने युद्ध लड़े जाते हैं सहता हर एक वार।
पुरुष के बिना स्त्री का चलता नहीं एक भी दिन।
पुरुष दिवस क्यों एक दिन?मनाया जाए हर दिन।

## सांस-सांस से महकती है जीवन मेरी



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
धमतरी
छत्तीसगढ़

मै हूँ तेरा तू बन जा मेरी,
हमसफर की तरह बीते जीवन की घड़ी
मै कान्हा तेरा तू राधे मेरी,
एक दूसरे की परवाह मे गुजरे हर घड़ी
मै हूँ साहिल तेरा,तू है मंजिल मेरी,
तेरी चाहत मे गुजरे उम्र अब मेरी
मै हूँ साज तेरा,तू मेरी गीत है,
मिलना बिछुड़ना जीवन की रीत है
मै हूँ चाँद तेरा तु चाँदनी मेरी
रातो मे उजाला कर दे तु मेरी
अमावस की घनी अँधेरी रात मे
बनके पूनम आजा जिंदगी मे मेरी
मै हूँ गुल,तु है गुलशन मेरी
बागो को गुलज़ार कर दे मेरी
पतझड़ मे भी जो बसंत करें,
खुशियों से भर दे जिंदगी मेरी
हम दोनो मुहब्बत के है रोगी,
प्रीत का कैसी बंधन है तेरी मेरी
आ मिलकर एक हो जाये हम,
याद करे जग कहानी तेरी और मेरी
मै हूँ नश्वर शरीर,तू आत्मा मेरी
मोक्ष की प्राप्ति लक्ष्य है मेरी
मै हू जीवन,तू जीवन की डोर है,
सांस सांस से महकती है जीवन मेरी

## यूँ मुस्कुराया न कर



**टीकेश्वर सिन्हा**
गब्दीवाला
घोटिया-बालोद
छत्तीसगढ़

अरी तू यूँ मुस्कुराया न कर।
खिलते गुलाब को जलाया न कर।
बदनाम हो जाएगी हवा बेचारी,
कंधे से चुनरी सरकाया न कर।
कह न दे लोग सूरज को कुछ,
आँखों में काजल लगाया न कर।
उसे तो मिलना ही है समन्दर से,
ज़वाँ नदी को उकसाया न कर।
सब देखती है कोयल अमराई से,
तू मुझे कहीं भी बुलाया न कर।

# प्रदूषण:समग्रता में देखनी होगी समस्या

अभी मौसम की रंगत थोड़ी ही बदली थी कि दिल्ली में हवा मौत बांटने लगी। गत पांच सालों के दौरान दिल्ली के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एम्स में सांस के रोगियों की संख्या 300 गुणा बढ़ गई है। दीपावली के बाद गाजियाबाद के सरकारी अस्पताल में दो हजार से ज्यादा लेग सांस की दिक्कत के साथ आ चुके हैं और वहां सभी बिस्तर भरे हुए हैं। फरीदाबाद में पांच बजे तक घुप्प अंधेरा छा जाता हैं।



एक अंतरराट्रीय शोध रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर प्रदूषण स्तर को काबू में नहीं किया गया तो साल 2025 तक दिल्ली में हर साल करीब 32,000 लोग जहरीली हवा के शिकार हो कर असामयिक मौत के मुंह में जाएंगे। भले ही पराली ना जले या कोई आतिशबाजी न चलाए, तपती गर्मी के भी दिन हों फिर भी राजधानी की आबोहवा का वि दिन-दुगना, रात चौगुना बढ़ता ही है। यह कड़वा सच है कि दिल्ली एनसीआर की कोई तीन करोड़ आबादी में जिसके घर में कोई बीमार होता है वह तो संजीदा हो जाता है, लेकिन बाकी आबादी बेखबर रहती है। असल में हम दिल्ली एनसीआर को समग्रता में लेते ही नहीं है। बानगी है कि दिल्ली की चर्चा तो पहले पन्ने पर है, लेकिन दिल्ली से चिपके गाजियाबाद के बीते दो सालों से लगातार देश में सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में पहले या दूसरे नंबर पर बने रहने की चर्चा होती नहीं। हकीकत तो यह है कि दिल्ली व उससे सटे इलाकों के प्रषासन वायु प्रदूषण के असली कारण पर बात ही नहीं करना चाहते। कभी पराली तो कभी आतिशबाजी की बात करते हैं। अब तो दिल्ली के भीतर ट्रक आने रोकने के लिए ईस्टर्न पेरिफेरल रोड भी चालू हो गया, इसके बावजूद एमसीडी के टोल बूथ गवाही देते हैं कि दिल्ली में घुसने वाले ट्रकों की संख्या कम नहीं हुई है। ट्रकों को क्या दोष दें, दिल्ली-एनसीआर के बाशिंदों का वाहनों के प्रति मोह हर दिन बढ़ रही है और जीडीपी और विकास के आंकड़ों में उलझी सरकार यह भी नहीं देख रही कि क्या सड़कें या फिर गाड़ी खरीदने वाले के घर में उसे रखने की जगह भी है कि नहीं?

बस कर्ज दे कर बैंक समृद्ध हैं और वाहन बेच कर कंपनियां, उसमें फुंक रहे ईंधन के चलते देश के विदेशी मुद्रा के भंडार व लोगों की जिंदगी में घुल रही कालीख की परवाह किसी को नहीं। यह स्पष्ट हो चुका है कि दिल्ली में वायु प्रदूाण का बड़ा कारण यहां बढ़ रहे वाहन, ट्राफिक जाम और राजधानी से सटे जिलों में पर्यावरण के प्रति बरती जा रही कोताही है। हर दिन बाहर से आने वाले कोई अस्सी हजार ट्रक या बसें यहां के हालात को और गंभीर बना रहे हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि समस्या बेहद गंभीर है। सीआरआरआई की एक रपट के मुताबिक कनाट प्लेस के कस्तूरबागांधी मार्ग पर प्रत्येक दिन 81042 मोटर वाहन गुजरते हैं व रेंगते हुए चलने के कारण 2226 किग्राइंधन जाया करते हैं।। इससे निकला 6442 किग्राकार्बन वातावरण को काला करता है। और यह हाल दिल्ली के चप्पे-चप्पे का है। यानी यहां सडकों पर हर रोज कई चालीस हजार लीटर ईंधन महज जाम में फंस कर बर्बाद होता है। कहने को तो पार्टिकुलेट मैटर या पीएम के मानक तय हैं कि पीएम 2.5 की मात्रा हवा में 50पीपीएम और पीएम-10 की मात्रा 100 पीपीएम से ज्यादा नहीं होना चाहिए, लेकिन दिल्ली का कोई भी इलाका ऐसा नहीं है जहां यह मानक से कम से कम चार गुणा ज्यादा ना हो। राजधानी की विडंबना है कि तपती धूप हो तो भी प्रदूषण बढ़ता है, बरसात हो तो जाम होता है व उससे भी हवा जहरीली होती है। ठंड हो तो भी धुंध के साथ धुंआ के साथ मिल कर हवा जहरीली। याद रहे कि वाहन जब 40 किलोमीटर से कम की गति पर रेंगता है तो उससे उगलने वाला प्रदूषण कई गुना ज्यादा होता है।

जाहिर है कि यदि दिल्ली की सांस थमने से बचाना है तो यहां ना केवल सड़कों पर वाहन कम करने होंगे, इसे आसपास के कम से कम सौ किलोमीटर के सभी शहर कस्बों में भी वही मानक लागू करने होंने जो दिल्ली शहर के लिए हों। यदि दिल्ली को एक अरबन स्लम बनने से बचाना है तो इसमें कथित लोकप्रिय फैसलों से बचना होगा, जिसमें सबसे महत्त्वपूर्ण है यहां बढ़ रही आबादी को कम करना। इसे अलावा दिल्ली में कई स्थानों पर सरेराह कूड़ा जलाया जा रहा है, जिसमें घरेलू ही नहीं मेडिकल व कारखानों का भयानक रासायनिक कूड़ा भी है। ना तो इस महानगर व उसके विस्तारित शहरों के पास कूड़ा-प्रबंधन की कोई व्यवस्था है और ना ही उसके निस्तारण्ण का। सो सबसे सरल तरीको उसे जलाना ही माना जाता है। इससे उपजा धुओं पराली से कई गुना ज्यादा है। दिल्लीवासी इतना प्रदूषण खुद फैला रहे हैं और उसका दोष किसानों पर मढ़ कर महज खुद को ही धोखा दे रहे हैं। बेहतर कूड़ा प्रबंधन, सार्वजनिक वाहनों को एनसीआर के दूरस्थ अंचल तक पहुंचाने, राजधानी से भीड़ को कम करने के लिए यहां की गैरजरूरी गतिविधियों व प्रतिष्ठानों को कम से कम दो सौ किलोमीटर दूर शिफ्ट करने, कार्यालयों व स्कूलों के समय और उनके बंदी के दिनों में बदलाव जैसे दूरगामी कदम ही दिल्ली को मरता शहर बनाने से बचा सकते हैं।

**-पंकज चतुर्वेदी-**

# लिव इन रिलेशनशिप... एक सामाजिक कलंक



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक
हरियाणा

हमारी भारतीय संस्कृति की यह शानदार परंपरा रही है कि पुरुष और स्त्री अगर इकट्ठे रहेंगे तो केवल पति-पत्नी के तौर पर! एक स्त्री का अपने पुत्र तथा भाई के साथ खून का रिश्ता होने के कारण पवित्र संबंध हो सकता है लेकिन भारतीय संस्कृति किसी गैर पुरुष या स्त्री के साथ संबंध रखना बहुत बड़ा पाप ही नहीं बल्कि कलंक भी समझती है! भारतीय धार्मिक ग्रंथों में कहा गया है कि स्त्री गैर मर्द की तरफ आंख उठाकर भी नहीं देखे और पुरुष पराई महिला को बड़ा होने पर मां या बहन और छोटा होने पर बेटी की तरह ही समझे। लेकिन क्या गजब का जमाना आ गया है आजकल कि पुरुष और स्त्री खुल्लम खुल्ला तीसरे में वैलेंटाइन डे पर या लिव इन रिलेशनशिप के तौर पर दिलचस्पी ही नहीं दिखा रहे बल्कि अपना घर बार छोड़ कर गैर मर्दों तथा गैर स्त्रियों के साथ रह रहे हैं। ऐसे में परिवार रूपी संस्था का पतन बिल्कुल सामने दिखाई दे रहा है। आज की उच्च शिक्षा जैसे एमबीए, सीए, एमसीए, एमबीबीएस आदि नवयुवक तथा नव युवतियों को अपने घरों से दूरदराज के शहरों में प्राइवेट कंपनियों में ऊंचे पे पैकेट प्राप्त करने के लिए जाने के लिए मजबूर करती है। नौजवान युवक और युवतियां जब इकट्ठे काम करते हैं तो कभी ना कभी एक दूसरे पर दिल आ ही जाता है और साथ साथ इकट्ठे रहना शुरू कर देते हैं। विधिवत ढंग से विवाह तो नहीं करते लेकिन इकट्ठे रहकर गुजारा करने का खर्चा दोनों कर करते हैं, कहना ना होगा कि शारीरिक संबंध बनाना एक आम बात बन जाती है। अगर आज से 50 साल पहले कोई लड़की विवाह से पहले गर्भवती हो जाती थी तो इसे बहुत बड़ा कलंक माना जाता था। लेकिन लिव इन रिलेशनशिप के तहत इस बात को किसी तरह से बुरा नहीं माना जाता। बात यहां खत्म हो जाती तो काफी था लेकिन बेशर्मी की हद तो तब पार हो जाती है विवाहित पुरुष या स्त्रियां भी लिव इन रिलेशनशिप के तहत अपने परिवार को छोड़कर किसी तीसरे के साथ गुलछर्रे उड़ाने के लिए रहना शुरू कर देते हैं। लिव इन रिलेशनशिप के तहत पुरुष तथा स्त्री बिना विवाह के इकट्ठे तब तक रहते हैं जब तक वे इकट्ठे रहते रहते एक दूसरे से ऊब नहीं जाते और जैसे ही उनका एक दूसरे से मन भर गया, अपने अपने रास्ते चले जाते हैं। मैं इसे एक प्रकार की अलग किसम की वेश्यावृत्ति ही कहूंगा। आजकल के पति और पत्नी से सत्यवान और सावित्री की तरह एक दूसरे पर मर मिटने की बात करना सबसे बड़ी बेवकूफी होगी। लिव इन रिलेशनशिप के तहत पैदा होने वाले बच्चों को कानूनी मान्यता प्राप्त नहीं होती और ना ही उन्हें संपत्ति का अधिकार प्राप्त होता है। ऐसे में इन बच्चों का क्या होगा? यह एक जटिल प्रश्न है! आज के महिला सशक्तिकरण के युग में पुरुषों तथा स्त्रियों को अपने देश की सभ्यता, संस्कृति, परंपरा, मर्यादा तथा संस्कारों को ध्यान में रखते हुए ना सिर्फ लिव इन रिलेशनशिप से तौबा करनी चाहिए बल्कि अपने बच्चों के लिए भी अच्छी उदाहरण पेश करनी चाहिए!



समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# सड़क-पानी जैसी मूलभूत समस्या से जुझ रहे ग्राम केपी के निवासी

- संवाददाता -
अंबिकापुर , 19 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

जिला मुख्यालय अंबिकापुर से लगे लुण्ड्रा क्षेत्र के ग्राम केपी के ग्रामीण आज भी सड़क,पानी जैसी मूलभूत समस्या से वंचित हैं। ऊंचाई पर बसे ग्राम केपी में आने-जाने के लिए न तो सड़क है और न ही पीने के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था है। इन दो महत्वपूर्ण समस्या को लेकर स्थानी लोगों ने कई बार गांव के सरपंच से लेकर विधायक, मंत्री व कलेक्टर को भी अवगत करा चुके हैं। इसके बावजूद भी इन्हें सड़क व पानी जैसी मूलभूत समस्या से निजात नहीं मिल पाया है।

इन गंभीर समस्याओं को लेकर ग्राम-केपी में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं वहां के ग्रामीणों द्वारा सड़क व पानी के लिए बस्ती में ही धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया। ग्रामवासियों का कहना है, कि 50 साल से यहां रह रहे लोग सड़क और पानी के लिए वंचित हैं। बस्ती में लगभग 50 घर है और 300 लोगों की जनसंख्या है और यहां एक ही बोरिंग है, जो खराब पड़ा हुआ है। रोड़ नहीं होने के कारण 1 किलोमीटर जब पैदल जाते हैं तब जाकर पक्की सड़क मिलता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया इसी



परेशानी को लेकर कलेक्टर, विधायक, सरपंच और मुख्यमंत्री तक को ज्ञापन दे चुके हैं, लेकिन इसपे आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

जब कोई बुजुर्ग सिरियस हो जाता है या कोई डिलीवरी महिला को अस्पताल ले जाना पड़ता है तो इन्हें खाट पर लेटा कर ले जाना पड़ता है यहां ग्रामीणों का कहना है चुनाव के समय नेता लोग वोट मांगने आते हैं। लेकिन चुनाव के बाद कोई हाल खबर लेने तक नहीं आता कि पानी और सड़क के बिना आप लोग कैसे रह रहे हैं जिसको लेकर आज ग्रामीणों ने बस्ती में ही धरना कर विरोध जताया है और अगर जल्द मांग पूरा नहीं होता है तो ग्रामीणों के द्वारा विधायक जी के आवाज के सामने ही जाकर धरना दिया जाएगा। इस धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से सामाजिक संगठन केअंकुर सिन्हा, ज्योति चौरसिया, बसंत गिरी एवं ग्रामवासी मुन्ना गिरी, गोलु गिरी, कपिल गिरी, कार्तिक गिरी, मन्नु गिरी, सुधू गिरी, सोभरन गिरी, अशोक गिरी, संजय गिरी, कुसुम गिरी, पिताम्बल गिरी, तिरथ गिरी, सुरेश गिरी, सहौदरा गिरी, मानकुंवर, रामकेली ,गायत्री, बुधियारो, अहिल्या, बिंद्रा, मनियां सोमारीबाई, अनिता, ममता, नेहा, नानीबाई, तारा, रेखा सहित अन्य ग्रामीणा शामिल थे।

# युवक की मौत के बाद रिंग रोड पर बेतरतीब खड़े भारी वाहनों पर कार्रवाई शुरू

- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला के नेतृत्व में यातायात पुलिस एवं कोतवाली थाने की संयुक्त कार्रवाई।
- कार्यवाही के दौरान ट्रको एवं अन्य मालवाहक 28 वाहनों पर 13900 रू की चालानी कार्रवाई की गई।
- पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन मे लगातार अभियान चलाकर की जा रही कार्यवाही।

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 19 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज श्री अजय यादव (भा.पु.से.) के सतत मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) के निर्देशन में रिंग रोड में खड़े मालवाहक वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करने हेतु दिशा निर्देश दिए गए थे, इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक श्री स्मृतिक राजनाला, यातायात उप पुलिस अधीक्षक श्री कामता सिंह दीवान के नेतृत्व में सरगुजा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रिंग रोड में खड़े मालवाहक वाहनों पर लगातार कड़ी कार्रवाई की गई।



आमनागरिकों के आवागमन के बेहतर व्यवस्था एवं यातायात के सुचारू संचालन हेतु बीते शाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम द्वारा रिंग रोड में खड़े बेतरतीब वाहन जिसमे 04 ट्रक, 10 कार, 01 पिकअप वाहन, एवं 13 दुपहिया वाहनों कुल 28 वाहनों पर पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 13900 रू की चलानी कार्रवाई की गई।

सरगुजा पुलिस द्वारा रिंग रोड कि यातायात व्यवस्था को सुधारने हेतु लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही हैं, कार्यवाही के दौरान ख़राब पड़े मालवाहक वाहनो को क्रेन की मदद से अन्यत्र जगह पर स्थानांतरित किया गया एवं रिंग रोड मे खड़े अन्य वाहनों पर चलानी कार्यवाही कर कड़ी कार्यवाही की जा रही हैं, सरगुजा पुलिस रिंग रोड कि यातायात व्यवस्था सुधारने हेतु प्रतिबद्ध हैं एवं आमनागरिकों की सेवा एवं सुरक्षा मे सदैव तत्पर हैं।

कार्यवाही के दौरान यातायात प्रभारी श्री जयराम चेरमाको, थाना प्रभारी कोतवाली श्री रुपेश नारंग, चौकी प्रभारी मणिपुर श्री सरफराज फिरदौसी, एवं यातायात पुलिस की टीम शामिल रही।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर शनिवार को राजीव भवन में कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान देश के प्रति उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त पादप औषधि बोर्ड के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सफी अहमद, महापौर डॉ. अजय तिर्की, प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव एवं शहरी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, युथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष विकल झा ने देश के प्रति उनके योगदान को याद किया और बताया कि उनका जीवन आजीवन संघर्ष साहस व कुशल नेतृत्व की मिसाल थीं भारत कि लौह महिला प्रथम महिला प्रधान मंत्रीइंदिरा गांधी की



जयंती पर शत शत नमन है। भारत की एकता एवं अखंडता को संजोए रखने के लिए उन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया। राष्ट्र को समर्पित उनकी राजनीतिक दृढ़ता को हम भारतवासी हर पल याद करते हैं। वे भारत कि प्रथम और अब तक एकमात्र महिला प्रधानमंत्री रहीं। इस अवसर पर दुर्गेश गुप्ता, दिलीप धर, जग्गनाथ कुशवाहा, चंद्र प्रकाश सिंह, नरेंद्र कुमार विश्वकर्मा, अमित सिंह, शुभम जयसवाल पंकज शुक्ला, पूर्णिमा सिंह, गीता श्रीवास्तव, शकीला, सुदामा राजवाड़े, राजा,नौशाद आदि सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सी-मार्ट में महिलाओं ने अब तक 60 लाख से अधिक का किया व्यवसाय



- हर माह औसतन 5 से 7 लाख की हो रही बिक्री

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना सी-मार्ट द्वारा समूह की महिलायें सफल व्यावसायी के रुप में स्थापित हो रही हैं। शहर के देवीगंज मार्ग में संचालित सी-मार्ट में महिलाओं ने अब तक 60 लाख 10 हजार 320 रुपये का व्यवसाय किया है। विगत अप्रैल माह से शुरू हुए इस सी-मार्ट में महिलाओं के द्वारा औसतन 5 से 7 लाख की बिक्री की जा रही है।

सी-मार्ट का संचालन नगर निगम के सहयोग से महिला स्व सहायता समूह जिनका बिहान महिला किसान उत्पादक कंपनी भी है इनके द्वारा किया जा रहा है। सी-मार्ट में डेली नीड्स, फल सब्जियां, मिठाई, सजावटी समान, मसाले, देशी एवं अन्य उत्पाद सहित करीब 1000 प्रकार के सामग्री गुणवत्तापूर्ण एवं वाजिब दर पर उपलब्ध है। इस सी-मार्ट को निजी मार्ट में रूप में विकसित किया जा रहा जहां ग्राहकों की सुविधाओं को तवज्जां दिया जा रहा है। बिलिंग प्रॉसेस भी सुविधाजनक है ग्राहकों को अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। मार्ट को और बेहतर बनाने और सुव्यवस्थित संचालन के लिए समय-समय पर निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए जाते है।

# लोकतंत्र के सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका पर प्रतिभागियों ने रखे अपने विचार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में प्राचार्य डॉ. एसएस अग्रवाल के मार्गदर्शन में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को संविधान एवं निर्वाचन के प्रति जागरूक करने स्वीप कार्यक्रम के तहत भाषण एवं इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. आरपी सिंह ने लोकतंत्र के सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र में सभी व्यक्तियों को समान अवसर प्राप्त होते हैं। समाज का हर व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकता है, वह सामाजिक, आर्थिक व राजनैतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा कर सकता है। भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने लोकतंत्र के सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका÷ विषय पर अपने-अपने विचारों को रखा। भाषण प्रतियोगिता में 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-




दिव्या भारती कुशवाहा, द्वितीय स्थान- श्रीजा गुप्ता एवं तृतीय स्थान- ज्योति गुप्ता ने प्राप्त किया। इलेक्शन क्विज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने ÷निर्वाचन प्रक्रिया एवं भारत के संविधान से संबंधित÷विषय पर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया। क्विज प्रतियोगिता में 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया । जिसमें प्रथम स्थान- निराला गुप्ता, द्वितीय स्थान- निर्मला राजवाड़े एवं तृतीय स्थान- अर्पण एक्का ने प्राप्त किया। भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अंतर महाविद्यालयीन स्तरीय भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आरपी सिंह, डॉ. संगीता पांडेय, डॉ.अजय पाल सिंह, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. पीयूष पांडेय, रजनी सारथी, दीपिका स्वर्णकार, गिरिजा सिंह, पूनम सोनवानी, कुलदीप चतुर्वेदी, चेतन कुमार, आशीष मिश्रा, एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी इकाई- 1 राजीव कुमार एवं कार्यक्रम अधिकारी इकाई -2 शशि कला सनमानी एवं स्वयंसेवक व पूर्व कैंपस एंबेसडर गौतम गुप्ता, स्वीप कार्यक्रम के कैम्पस एम्बेसडर छात्र आयुष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# निगम क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत के लिए और मिले 5 करोड़

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

नगर निगम क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत के लिए स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव के प्रयास से और 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। इससे पहले सड़कों के सुधार के लिए 7 करोड़ रुपये मिले थे जिनसे डामरीकरण और पैच रिपेयरिंग का काम कराया जा रहा है। नगरनिगम के लोक निर्माण विभाग प्रभारी एमआईसी सदस्य शफी अहमद ने बताया की सम्पूर्ण सड़कों के पुनर्निर्माण के लिए करीब तीस करोड़ रुपये का प्रस्ताव नगर निगम द्वारा राज्य सरकार को भेजा गया था। स्वस्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव लगातार सड़कों की मरम्मत के लिए प्रयासरत हैं। उनकी पहल पर बारिश से पहले सात करोड़ रुपए मिले थे। जिनसे निगम की सड़कों का डामरीकरण कराया जा रहा है। बरसात से पहले करीब तीन करोड़ से ज्यादा का काम हो चुका था। शेष राशि से वर्तमान में पैच रिपेयरिंग कराया जा रहा है। जल्दी ही शहर के लोगों को धूल और टूटी सड़कों से निजात मिलेगी। महापौर डॉ. अजय तिर्की, सभापति अजय अग्रवाल के साथ लगातार सड़क निर्माण की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। लोक निर्माणके अमले के साथ प्रभारी एमआईसी सदस्य शफी अहमद स्वयं कार्य की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखे हुए हैं। स्वस्थ्यमंत्री टीएस सिंह देव ने सड़कों के निर्माण और विकास कार्य के लिए जल्द ही और राशि आबंटित किए जाने का भरोसा जताया है। श्रम कल्याण मण्डल अध्यक्ष और लोनिवि प्रभारी शफी अहमद ने नगरीय कल्याण मंत्री का आभार जताते हुए सड़कों के लिए शेष राशि का आबंटन जल्द करने का अनुरोध किया है।

# सीजीएमएससी के अध्यक्ष ने किया डडगांव में आईटीआई भवन निर्माण का भूमिपूजन



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ मेडिकल सेविसेज कॉपोरेशन के अध्यक्ष व लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम ने शनिवार को लुण्ड्रा जनपद के डडगांव में 3 करोड़ 30 लाख 35 हजार रुपये की लागत से बनने वाले आईटीआई भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत उदारी एवं लुण्ड्रा के शासकीय हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष प्रत्येक 19.60 एवं 19.60 लाख निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया।

डॉ राम ने छत्तीसगढ़ शासन की महत्वकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत शासकीय हाई स्कूल उदारी में कक्षा 9 वीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया। इस दौरान ग्रामवासियों के द्वारा गांव में विकास कार्यों के संबंध में मांग किये जाने पर शासन स्तर पर पत्र प्रस्ताव प्रेषित करने का आश्वासन दिए।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, जनपद सभापति श्री त्रिलोकी सिंह, सरपंच सुमरसाय, उप सरपंच मनीष सोनी, श्री यूनुस खान, एसडीएम, तहसीलदार जनपद सीईओ सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।



## पूर्व प्रधानमंत्री स्व.इंदिरा गांधी की जयंती पर किया गया याद

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

तेलघानी विकास बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के सदस्य लक्ष्मी गुप्ता ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर शासकीय पूर्व माशाला केदारपुर अंबिकापुर परिसर में श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापक, माशाला के प्राचार्य एवं अध्यापक ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला महामंत्री कमलेश यादव, धर्मेंद्र जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी आरिफ खान, जिला कांग्रेस कमेटी पिव सचिव शुभम ठाकुर ,समाजसेवी इश्तियाक खान ( बउआ ), पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा, किसान मित्र ब्यापारी संघ के सुरेश गुप्ता, समाज सेवी अवधेश साहू, हेमंत मिश्रा, जाहिद खान, मोहित जैन, दिलीप सोनी, जिला कांग्रेस सेवादल सरगुजा यंग विंग के अध्यक्ष मोहम्मद साकिब, छात्र नेता अभियोदय सोहना, रोहन साहू, सूरज जायसवाल उपस्थित थे।

# बस व ट्रक के बीच भिड़ंत,एक की मौत दर्जन भर यात्री घायल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 नवम्बर 2022
(घटती-घटना)।

अंबिकापुर-रामानुजगंज मुख्य मार्ग स्थित नेशनल हाइवे पर शनिवार की शाम करीब 5.30 बजे ग्राम चांची के पास यात्रियों से भी बस व ट्रक के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को राजपुर स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। घायलों में दो की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है।



जानकारी के अनुसार हिन्दुस्तान बस क्रमांक सीजी 15 एबी 7200 अंबिकापुर प्रतीक्षा बस स्टैंड से मदगुरी जा रही थी। बस में काफी संख्या में यात्री सवार थे। शाम करीब 5.30 बजे अंबिकापुर-रामानुजगंज मुख्य मार्ग पर स्थित चांची के पास बस जैसे ही पहुंची सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच कई। हादसे में बस में सवार दामोदरपुर निवासी 56 वर्षीय धनेश खैरवार की मौत मौके पर ही हो गई। जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकलवाकर इलाज के लिए राजपुर स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया। यहां चिकित्सकों ने दो की स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक व संसदीय सचिव चिंतामणी महाराज मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने राजपुर स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचा और घायलों से मिले। इस दौरान उन्होंने घायलों की स्थिति का जायजा लिया और चिकित्सकों को इलाज व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। घायलों में बेनो रीता ग्राम चटकपुर, करिश्मा केरकेट्टा ग्राम कासा बैल, अकलीना बड़ा ग्राम राजपुर, स्वाति तिवारी ग्राम राजपुर, मोहनी ग्राम घोरघड़ी, रघुनाथ ग्राम भगवतपुर,अनिल कुमार बड़ा ग्राम घुघरी, अशिंका तिवारी निवासी अम्बिकापुर, मोनू मिंज ग्राम लाउ, शोभा रजक ग्राम राजपुर, नेहरू ग्राम सेमराकला, श्रवण सोनवानी ग्राम मानपुर व हर्ष गुप्ता ग्राम राजपुर सहित अन्य लोग घायल हैं। जिनका इलाज राजपुर स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है।






# केंद्रीय राज्य मंत्री ने किया एकलव्य विद्यालय भवन का शिलान्यास

» नवोदय विद्यालय की तर्ज पर होगा संचालन

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री तथा सरगुजा सांसद श्रीमती रेणुका सिंह ने शनिवार को उदयपुर जनपद के ग्राम पंचायत रिखी में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भवन निर्माण का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना कर किया। इस विद्यालय भवन का निर्माण करीब 38 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। भारत सरकार के द्वारा जनजाति गौरव दिवस समारोह सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भवन का शिलान्यास किया गया जो जवाहर नवोदय विद्यालय के तर्ज पर संचालित होगा। इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा और एकलव्य की प्रतिमा पर दीपमाला प्रज्ज्वलित कर पुष्पमाला अर्पित किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं के द्वारा विभीन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। ज्ञातव्य है कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का संचालन आदिवासी वर्ग के छात्र तथा छात्राओं के अध्ययन व्यवस्था के लिए किया जाता है। भारत सरकार जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 50 प्रतिशत से अधिक आदिवासी जनसंख्या वाले विकास खण्डों में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की स्वीकृति दी जाती है। विद्यालय में कक्षा 6 वी से 12 वी तक पढ़ाई होती है। प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से कक्षा 6 वी में प्रवेश दिया जाता है एवं कक्षा 12 वीं तक विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। बजट की व्यवस्था पूर्णतः भारत सरकार से की जाती है। विद्यार्थियों के लिए रहने, खाने और पढ़ने की निःशुल्क व्यवस्था होती है। प्रत्येक छात्र को प्रतिमाह 1500 रुपये के मान से शिष्यवृत्ति दी जाती है जिससे मेस का संचालन होता है। इस अवसर पर पूर्व सांसद श्री कमलभान सिंह, जिला सीईओ श्री विश्वदीप, एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री जेआर नागवंशी, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के मुख्य अभियंता वाप्कोस श्री आदर्श कालिया, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य मंत्रालय श्री गौरव शर्मा, जनपद उपाध्यक्ष श्री नीरज मिश्रा, श्री अखिलेश सोनी, श्री अनिल सिंह मेजर, सरपंच श्रीमती सुशीला पैकरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# कलेक्टर, सीईओ ने किया खड़गवा कला आदर्श गौठान निरीक्षण

» कलेक्टर ने किया सरपंच, सचिव एवं महिला स्व. सहायता
» समूह के कार्यों की सराहना
» गौठान से उत्पादित सब्जियां स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में मध्यान्ह भोजन के लिए भेजी जाती है




- संवाददाता -
सूरजपुर, 19 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम ने प्रतापपुर विकासखंड के खड़गवा कला आदर्श गौठान का निरीक्षण किया। स्व. सहायता समूह की महिलाओं से वर्मी कम्पोस्ट खाद और गोठान में किए जा रहे हैं विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। स्व. सहायता की महिलाओं ने बताया कि वे गौठान में विभिन्न आजीविका गतिविधियों में शामिल होकर आर्थिक लाभ ले रही हैं। गौठान से उत्पादित सब्जियां स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में मध्यान्ह भोजन के लिए भेजी जाती है। कलेक्टर सुश्री आरा ने सरपंच, सचिव एवं महिला स्व सहायता समूह के कार्यों की सराहना कर बधाई दी एवं निरंतर बेहतर कार्य करने प्रोत्साहित किया।

कलेक्टर ने राज्य शासन की मंशा अनुसार गौठान में गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट खाद प्राथमिकता से बनवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गौठान में बहुउद्देशीय गतिविधियां नियमित संचालित करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा कार्यक्रम की जानकारी ली। गौठान की महिलाओं ने बताया कि रीपा के अंतर्गत अंडा उत्पादन, मशरूम, बेकरी, सुगंधित तेल की गतिविधियां की जाएंगी जिसके लिए नए महिला स्व. सहायता समूह को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# 15 वें वित्त आयोग की राशि से होगा समुदाय आधारित स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार

जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री कुंदन कुमार की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शनिवार को 15 वित्त आयोग पर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आदित्य ईश्वर शरण सिंहदेव, सीईओ जिला पंचायत श्री विश्व दीप, नगर निगम कमिश्नर सुश्री प्रतिष्ठा ममगई उपस्थित थे। बैठक में 15 वें वित्त आयोग के द्वारा दिए गए अनुदान के संबंध में चर्चा हुई एवं विस्तृत कार्य योजना सभी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की योजनाओ का व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु ज्यादा ध्यान देने का निर्देश दिए और 15 वे वित्त आयोग की राशि से स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार होने की बात कही। उन्होंने नगर निगम कमिश्नर को निर्देशित किया कि एमआईसी की बैठक बुलाकर नगर निगम अंबिकापुर के अंतर्गत निर्माणाधीन समस्त अर्बन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के भवन हेतु एनओसी तत्काल स्वास्थ्य विभाग को दिया जाए। 15 वे वित्त आयोग के माध्यम से नवीन भर्ती किया जाना आवश्यक है जो वर्तमान में आरक्षण संबंधी नियमों की वजह से रुका हुआ है। प्रत्येक हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर्स में निशुल्क जांच उपचार रक्त जांच निशुल्क दवा एवं निशुल्क रफल सेवाएं प्रदान की जाएंगी।

बताया गया कि अंबिकापुर नगर निगम क्षेत्र में 16 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर हमर क्लीनिक की स्थापना की जा रही है एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा में सर्व सुविधा युक्त हमर अस्पताल की स्थापना की जा रही है। यह सभी कार्य सीजीएमएससी के द्वारा किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में उदयपुर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का स्थापना की जा रही है जो सर्व सुविधा युक्त लग्जरी से सुसज्जित होगी ताकि किसी भी प्रकार की कोविड जैसी महामारी के प्रकोप से बचा जा सके। इसी तरह से 38 सब हेल्थ सेंटर का हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में उन्नयन 15 वें वित्त आयोग के माध्यम से किया जाएगा। पहली बार 15 वें वित्त आयोग के माध्यम से सामुदाय आधारित स्वास्थ सुविधाओं पर जोर दिया जा रहा है। पूरे प्रदेश का पहला हमर क्लीनिक 6 अक्टूबर को गोधनपुर अंबिकापुर में स्वास्थ्य मंत्री श्री टीएस सिंहदेव के द्वारा उद्घाटन किया गया था।

बैठक में सरपंच बुंदेला, सीएमएचओ डॉ पीएस सिसोदिया, डीपीएम डॉ पुष्पेंद्र राम सीपीएम, डॉ अमीन फिरदौसी, संगवारी टीम के सदस्य डॉ शिल्पा खन्ना डॉक्टर चैतन्य मलिक उपस्थित थे।

# प्राथमिक शाला करौंदी के छात्र छात्राओं के बाल अधिकारों की हो रही अनदेखी

## जानकारी के बावजूद शासन प्रशासन मौन



- संवाददाता -
उदयपुर, 19 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

एक और जहां पूरा विश्व बाल अधिकार सप्ताह पूरे धूमधाम से मना रहा है वहीं सरगुजा जिले के विकासखंड उदयपुर अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला खुटरापारा करौंदी के छात्र-छात्रा प्रशासनिक लापरवाही से तंगहाली में भेड़ बकरियों की तरह एक ही कमरे में शिक्षा ग्रहण कर अपना भविष्य संवारने की कोशिश कर रहे हैं। उक्त विद्यालय के छात्र छात्राओं का बाल अधिकार कहां गया यह बड़ा सवाल है साथ ही इसके जिम्मेदार कौन है यह भी पता नहीं।

पूरा मामला विकासखंड उदयपुर के ग्राम पंचायत करौंदी के प्राथमिक शाला खुंटरापारा का है।

प्राथमिक शाला का भवन जर्जर होने से 2 साल पूर्व से माध्यमिक शाला करौंदी के एक ही कमरे में प्राथमिक शाला की पढ़ाई कराई जा रही है।

ग्रामीणों के लगातार विरोध के बाद प्राथमिक शाला के जर्जर भवन का मरम्मत वर्ष 2022 में करवाया जा चुका है परंतु वहां शौचालय किचन सेड और पानी की व्यवस्था नहीं होने से अभी भी प्राथमिक शाला की पढ़ाई माध्यमिक शाला करौंदी में ही कराई जा रही है।

वर्तमान शिक्षण सत्र में प्राथमिक शाला खूंटरा पारा करौंदी में कक्षा पहली में 9, दूसरी में 8, तीसरी में 02, चौथी में 7 और पांचवी में 12 इस तरह से कुल 38 बच्चे यहां अध्ययनरत हैं। इन्हें पढ़ाने के लिए 2 शिक्षकों की ड्यूटी शासन द्वारा लगाई गई है।

प्राथमिक विद्यालय का माध्यमिक विद्यालय में संचालन किए जाने से यहां के छात्र छात्राओं की परेशानी भी बढ़ी है क्योंकि माध्यमिक विद्यालय में कुल 58 विद्यार्थी है और 3 कमरे तथा 3 शिक्षक हैं।

इस बारे में स्थानीय ग्रामीण सोमारु राम ने बताया की प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों का पढ़ाई मिडिल स्कूल में नहीं हो पा रहा है जर्जर भवन के मरम्मत के बाद भी प्राथमिक शाला के अपने भवन में पढ़ाई नहीं कराया जा रहा है जिससे काफी समस्या है

प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक सुरेश कुमार सिंह ने कहा हम लोगों का विद्यालय माध्यमिक शाला में 2 साल से लग रहा है जर्जर भवन होने के कारण विद्यालय यहां लगाया जा रहा है संकुल की बैठक में भी इस समस्या को बताया गया है, पंचायत के प्रतिनिधि भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे काफी परेशानी हो रही है एक ही कमरे में बैठा कर छात्र छात्राओं को पढ़ाया जा रहा है।

**माध्यमिक शाला करौंदी में पहले से ही है समस्याओं का अंबार इसे इस तरह समझ सकते हैं**

01. माध्यमिक शाला करौंदी में केवल बालिका शौचालय का उपयोग किया जा रहा है बालक शौचालय जर्जर स्थिति में है और इसे उपयोग के लिए बंद कर दिया गया है ।
02. रनिंग वाटर की व्यवस्था भी उक्त विद्यालय में अभी तक नहीं की गई है बोरिंग से पानी पीने के लिए उपयोग किया जा रहा है वह भी आयरन युक्त पानी है जिससे बच्चों को काफी परेशानी होती है।
03. शौचालय के लिए बालिकाओं को बाल्टी में पानी लेकर जाना पड़ता है।
04. पक्का बाउंड्री वाल भी उक्त विद्यालयों के परिसर में नहीं है घेराव के रूप में कुछ दूरी पर तार जाली का उपयोग किया गया है परंतु सुरक्षा की दृष्टि से यह नाकाफी है ।
05. यहां के बालक बालिका स्कूल के बगल में बहने वाली नहर में अपने खाए हुए बर्तन को साफ करते हुए नजर आते हैं तथा यहां के बालक शौच के लिए बाहर जंगल की ओर जाने को मजबूर हैं।

यहां समस्याओं का अंबार तो है परंतु इसका समाधान लोगों को दिखाई नहीं दे रहा है क्योंकि सरपंच एवं उसके प्रतिनिधियों की कार्यशैली के प्रति लोगों में काफी आक्रोश है उक्त विद्यालय की स्थिति देखकर यही कहा जा सकता है कि यहां छात्र छात्राओं के बाल अधिकारों का हनन हो रहा है और जानकारी होने के बाद भी शासन प्रशासन के लोग कुछ नहीं कर रहे।

# बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के लिए रहने,खाने की उत्तम व्यवस्था करने के दिए निर्देश



जशपुरनगर 19 नवम्बर 2022। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने शुक्रवार कोजिला स्तरीय छत्तीसर्गो या ओलंपिक खेल के सफल आयोजन के संबंध में बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री डी. रविशंकर, जिला पंचायत सीईओ श्री जीतेन्द्र यादव, शिक्षा विभाग, खेल विभाग के कोच और अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने बाहर से आने वाले खिलर्ा यों के लिए रहने खाने और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अन्य जिलों से आने वाले खिलर्ा यों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए इसका भी विशेष ध्यान रखने के लिए कहा गया है। जिला स्तरीय छत्तीसर्गो या ओलंपिक आगामी 24, 25 और 26 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए कलेक्टर ने खेल और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। समीक्षा बैठक में खेल आयोजन की तिथि, खिलर्ा यों के लिए भोजन चाय नाश्ता का उचित प्रबंध, मेडिकल सुविधा, खेल मैदान तैयार करने आवश्यक खेल सामग्रियां पर विस्तार से चर्चा की गई। खेल अधिकारी ने बताया कि लगभग 2500 खिलो ी शामिल हो सकते हैं।

# स्कूली बालक खेल-खेल में पकड़ लिया करनी

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

मैनपाट विकासखण्ड के प्राथमिक शाला दांतीढाब में स्कूली बच्चे से मिस्त्री का काम कराने के मामले में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा तहसीलदार के द्वारा जांच कराया गया। जांच में पाया गया कि विद्यालय में रैंप का निर्माण मिस्त्री द्वारा कर दिया गया था लेकिन सीमेंट व करनी आदि वही छोड़ गया था जिससे बच्चे खेल-खेल में पकड़ कर खेल रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलदार मैनपाट द्वारा दांतीढाब के ग्रामवासी, प्राथमिक शाला के शिक्षकों, मिस्त्री व बच्चों की उपस्थित में जांच किया गया। जांच में पाया गया कि उक्त स्कूल एकल शिक्षक है तथा स्कूल का रैम्प क्षतिग्रस्त हो गया था। पिछले 10-15 दिनों से नल जल योजना के तहत स्कूल में चबूतरा निर्माण का कार्य चल रहा था। उक्त निर्माण कार्य मे लगे मिस्त्री को शिक्षक द्वारा रैम्प का मरम्मत करने कहा गया था। मिस्त्री द्वारा उसी रैम्प का मरम्म्त किया गया है। स्कूली बच्चों में से एक बच्चा वहीं पड़े बालू, सीमेंट व करनी से खेल रहा था।

# सामरी पाठ का गौरलाटा पहाड़ लोगो के लिये बन रहा है आकर्षक का केंद्र





- उपेश सिन्हा -
कुसमी, 19 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड के ईदरीपाठ ग्राम के गौरलाटा पहाड़ जो कि छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी है लेकिन यह पहले कुछ ही लोग जानते थे अब शासन-प्रशासन के लोग भी गौरलाटा पहाड़ की सबसे ऊंची चोटी तक पहुँच कर यहाँ की प्रकृति को देखकर अब इसे अच्छे पर्यटन के लिये देखे जाने के बाद एक अच्छे पर्यटन स्थल के रूप विकसित करने की क़वायद शुरू कर दी गई है, लोग गौरलाटा पहाड़ की सबसे ऊंची चोटी में पहुँचकर प्रकृति के सुंदर नजारे के रूप जंगल पहाड़ियों को देख कर काफी खुश हो रहे है,जानकारी के मुताबिक जोश वेलफेयर फाउंडेशन टीम के नाम से युवाओं का एक दल आया हुआ है,दल के लोगो का स्वागत संसदीय सचिव व क्षेत्रीय विधायक चिन्तामणी महराज ने किया और यह दल गौरलाटा पहाड़ी का लुफ्त उठाने के लिये गये है साथ ही प्रशासन के लोगो भी गये हुये है वहाँ सड़क से पैदल पहाड़ चढ़कर ऊंची चोटी तक पहुँचे और प्रकृति के सुंदर नजारे देख काफी खुश हुये, एक तरह से देखा जाये तो आने वाले समय मे सामरी पाठ भी पर्यटन के दृष्टि से लोगो को खूब भाने वाला है शासन प्रशासन ने इसे विकसित करने की पहल कर दी है ,एक और सरगुजा संभाग में छत्तीसगढ़ का शिमला कहे जाने वाला मैनपाठ में प्रकृति के कई तरह सुंदर सुंदर नजारे लोगो को खूब भाती है और काफी ठंठ पड़ने के बाउजूद भी लोग वहाँ जाना काफी पसंद करते है, तो वही सामरी पाठ में भी काफी ठंठ पड़ती है कई जगह पर नदी नाले पेड़ो से भरे जंगल जो लोगो को खूब आकर्षित तो करती ही है लेकिन छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौरलाटा पहाड़ पर चढ़कर प्रकृति के सौदर्य देखने का आनंद प्रकृति प्रेमियों को अपनी और खिंचेगा,शहरों में रहने वाले लोगो के लिये एक अच्छा पर्यटन स्थल बन सकता है सामरी पाठ । देखा जाये तो बड़े बड़े शहरों के लोगो अक्सर कामकाज से भरी जिंदगी में थोड़ी आराम चाहते है और प्रकृति से प्रेम करने वाले लोग तो अच्छी प्रकृति पेड़ पौधे पहाड़ो के बीच घुमना ज्यादा पसंद करते है,बहरहाल आने वाले समय मे यह देखना होगा कि शासन प्रशासन के लोग एक अच्छा पर्यटन स्थल कर रूप गौरलाटा और सामरी पाठ के लिये क्या क्या अच्छा काम करते है ताकि देश में अच्छा पर्यटन स्थल के रूप में यह जाना जाये।

CMYK

# क्या ठंडे बस्ते में चला गया मुख्यालय सड़क चौड़ीकरण ?

## क्या स्थानीय जनप्रतिनिधि की नही है कुछ जिम्मेदारी ?

» पूर्व कलेक्टर श्याम धावड़े के जाने के बाद क्या फाईल रद्दी की टोकरी में ?

» व्यापार संघ का षडयंत्र सड़क चौड़ीकरण में बनना बाधक

- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 19 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

गत वर्ष बैकुंठपुर शहर के युवाओं ने सड़क चौड़ीकरण को लेकर अपनी आवाज बुलंद की थी, एक महीने तक विभिन्न माध्यमों से शासन प्रषासन का ध्यान भी सड़क चौड़ीकरण के लिए आकृष्ट कराया था, युवाओं की आवाज और जनता की मांग को देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही विपक्ष के नेताओं ने भी उनकी मांगो का समर्थन किया था, जनहित से जुड़े इस उद्दे को देखते हुए तात्कालिक कलेक्टर ने एक टीम का गठन किया था जिसके बाद हरकत में आई टीम ने पूरे शहर में नापजोख करते हुए सड़क चौड़ीकरण का खाका तैयार किया और प्रस्ताव भी शासन को भेज दिया था। लेकिन लगता है कि समय के साथ-साथ अब सड़क चौड़ीकरण की फाईल भी रद्दी की टोकरी में चली गई है, स्थानीय जनप्रतिनिधि की इस ओर अनदेखी के कारण अब जनता और चौड़ीकरण की चाहत रखने वाले व्यापारी भी शांत पड़ गए हैं। इससे स्थानीय जनप्रतिनिधि यानि की विधायक और संसदीय सचिव के प्रति भी गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है आने वाले समय में यह भी एक मुद्दा स्थानीय स्तर पर उभरेगा इसकी संभावना प्रबल होती जा रही है।

उल्लेखनीय है कि कोरिया जिला मुख्यालय में इन दिनों व्यापार जगत में काफी निराषा देखने को मिल रही है, जिला विभाजन और दूसरी ओर बाईपास सड़क बन जाने के बाद से शहर में लोगो की आवाजाही काफी कम हो गई है, तो वहीं सड़क चौड़ीकरण न होने से स्थानीय लोगो को भी अपनी चारपहिया वाहन लेकर बाजार आने जाने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है, स्थानीय नागरिक बाजार आने जाने में खुद को काफी असहज महसूस करते हैं। सभी का मानना है कि समय के साथ-साथ शहर में चाहरपहिया वाहन बहुत संख्या में बढे हैं उस हिसाब से सड़क चौड़ीकरण किया जाना अत्यंत आवष्यक है। सड़क चौड़ीकरण न होने से आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है। किसी भी धार्मिक, राजनैतिक आयोजन में बड़ी संख्या में लोगो का आना जाना शहर में होता है, जिससे कि घंटो जाम की स्थिति निर्मित होती है जिसका नुकसान प्रत्यक्ष तौर पर स्थानीय व्यापारियों को उठाना पड़ता है। आयोजन के समय व्यापार एकदम चौपट होने से व्यापारी वर्ग खासा परेषान रहते हैं। लेकिन इस ओर शासन प्रषासन की चुप्पी समझ से परे है।



### पूर्व कलेक्टर ने बनाई थी सड़क चौड़ीकरण की योजना

सड़क चौड़ीकरण के संबंध में पिछले वर्ष पूर्व कलेक्टर श्याम धावड़े ने स्थानीय स्तर पर व्यापारियों, आमजन व युवाओं की आवाज को देखते हुए एक टीम का गठन किया था। सीईओ जिला पंचायत की अगुवाई में बनी टीम में एसडीएम, तहसीलदार, विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका समेत अन्य विभागो को इसमें शामिल किया गया था जिसके बाद टीम में वृहद स्तर पर अभियान चलाकर सड़क चौड़ीकरण के लिए मार्किंग इत्यादि करते हुए एक रोडमैप तैयार किया था, अभियान के बाद पूर्व कलेक्टर ने रूचि दिखलाते हुए सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार करते हुए शासन को भेजा था,उसके कुछ दिन बाद ही कलेक्टर श्री धावड़े का स्थानांतरण हो गया और उनके जाते ही यह अभियान और सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया है।

### क्यों जिम्मेदारी से बचती हैं स्थानीय विधायक

शहर में सड़क चौड़ीकरण का कार्य अति आवष्यक हो गया है, इससे आए दिन लगने वाले जाम से निजात तो मिलेगा ही साथ ही व्यापार में भी बढोत्तरी हो सकती है,लेकिन इस बारे में स्थानीय विधायक और संसदीय सचिव की चुप्पी समझ से परे है । विगत दिनों मुख्यमंत्री भूपेष बघेल के आगमन पर भी उनके द्वारा कोई मांग नही किया गया और न ही आज तक स्थानीय प्रषासन से समन्वय स्थापित करते हुए सड़क चौड़ीकरण की दिशा मे कोई पहल किया जाता है। स्थानीय नागरिकों समेत व्यापारियों को मानना है कि सड़क चौड़ीकरण के लिए विधायक को आगे आना चाहिए लेकिन उनकी चुप्पी समझ से परे है जिससे कि लोग विधायक के खिलाफ काफी आक्रोषित हैं।

### व्यापार संघ का षडयंत्र व्यापार के लिए बना ग्रहण

शहर में जब भी सड़क चौड़ीकरण की बात सामने आती है तो यहां का तथाकथित व्यापार संघ बहुत ही योजनाबद्व तरीके से एक षडयंत्र करते हुए अधिकारियों समेत स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समक्ष नए नए तर्क लेकर पेष हो जाता है जिससे कि सड़क चौड़ीकरण का काम आज तक ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। अधिकारी या कि जनप्रतिनिधि इस बात से वाकिब नही होते हैं कि चंद लोगो के तथाकथित एक संगठन द्वारा आखिर क्यों बार-बार सड़क चौड़ीकरण में टांग अड़ाया जाता है। यहां यह उलेखनीय है कि पूर्व में जब सड़क चौडीकरण के लिए एक निर्धारित मापदंड तय करते हुए मार्किंग का काम किया गया था उससे व्यापार संघ के प्रमुख लोगो की दुकाने भी काफी प्रभावित हो रही थी, तब एक षडयंत्र के तहत व्यापार संघ से जुडे चंद लोगो ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को बरगलाने में प्रमुख भूमिका निभाई और इस प्रकार चौड़ीकरण का कार्य ठंडे बस्ते में चला गया। व्यापार संघ की इस प्रकार की कार्यप्रणाली से ही आज सभी व्यापारियों का इससे मोह भंग हो गया है और व्यापारियों की इच्छा है कि नए सिरे से संघ का गठन होना चाहिए क्योंकि इस संघ के जिम्मेदार चुनिंदा पदाधिकारी आज अपना स्वार्थ देखते हुए ही सड़क चौड़ीकरण पर अड़ंगा लगाकर बैठै हुए है जिससे कि स्थानीय व्यापार पर ग्रहण लग चुका है,व्यापारी जगत इससे काफी परेषान है। बहरहाल स्थानीय नागरिकों से लेकर व्यापारियों का एक वर्ग भी सड़क चौड़ीकरण के लिए आषान्वित है और अब एक बार फिर नए प्रषासनिक प्रमुख से सड़क चौड़कीरण की दिषा में कदम उठाए जाने का उम्मीद कर रहा है।

---

## शास्त्रीय गायन वादन प्रतियोगिता में हेमन्त यादव प्रथम

- संवाददाता -
सूरजपुर, 19 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ युवा महोत्सव विकास खंड स्तरीय 2022 ड्ड23 का आयोजन खेल युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला मुख्यालय के

स्टेडियम ग्राउंड में युवा महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में विविध विधाओ सहित शास्त्रीय गायन वादन हारमोनियम वादन प्रति योगिता हुआ शास्त्रीय गायन एवं हारमोनियम वादन प्रति योगिता में हेमन्त कुमार यादव प्रथम



स्थान प्राप्त किया गौरतलब है कि हेमन्त यादव इसके पूर्व में प्रदेश स्तरीय वक्तृत्व कला प्रतियोगिता में सरगुजा सम्भाग का प्रतिनिधित्व कर अपनी अलग पहचान बना चुके हैं इन्हें कला साहित्य के क्षेत्र में विविध उपाधियाँ प्राप्त हैं ये छत्तीसगढ़ शासन प्रशासनिक स्तरीय राम चरित मानस गायन वादन प्रतियोगिता में मानस प्रवीण के रूप में नवाजे गये है ये कविता गीत कार भी है इनकी तात्कालिक निबंध रचना गुरुघासीदास विश्वविद्यालय से पुरस्कृत व सम्मानित हुई है इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकांक्षा त्रिपाठी , अनुविभागीय अधिकारी

,खेल व युवा कल्याण विभाग अधिकारी संगीत निर्णायक मंडल सहित आयोजन मंडल के कर कमलों द्वारा शास्त्रीय गायनप्रथम व हारमोनियम वादन प्रथम प्रशस्ति प्रमाण पत्र सह ट्रॉफी प्रदान कर हेमन्त यादव को सम्मान पुरष्कृत किया गया।

---

## सरकारी प्रसव की कीमत 15 हजार, विलम्ब हुआ तो बिना इलाज किए रेफर

- संवाददाता -
कोरबा 19 नवंबर 20-22 (घटती घटना)

एक ओर शासन-प्रशासन चिकित्सा सुविधा को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं तो दूसरी ओर सरकारी अस्पताल उगाही का अड्डा बनते जा रहे हैं। एक ऐसा मामला सामने आया है जहां सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने के लिए महिला के परिजन से रुपए मांगे गए। रुपए देने में विलंब होने पर पीड़िता को उपचार लाभ देने की बजाय उसे सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया गया। चिकित्सक के इस गैर जिम्मेदाराना हरकत से मरीज और उसके परिजन परेशान हुए।यह मामला कोरबा जिला के पाली विकास खण्ड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का है। ग्राम सैला निवासी दीपक महंत की पत्नी प्रियंका महंत को प्रसव पीड़ा होने पर मितानीन के साथ सुबह करीब 10 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली लाया गया।ड्यूटी पर डॉक्टर हेमंत पैकरा उपस्थित थे। वे महिला को देखते ही




समझ गये कि इसे आपरेशन से ही प्रसव कराया जा सकता है और वे पीड़िता को सीधे आपरेशन थियेटर ले गये और आपरेशन की तैयारी में लग गये। डाक्टर ने अपने केबिन में मितानिन को बुलाया,कुछ देर बाद बाहर आकर मितानिन ने 10 हजार रुपये जमा कराने की बात कही। मितानिन के द्वारा परिजनों को पन्द्रह हजार रुपये खर्च आयेगा बताया गया। पहले दस हजार रुपये जमा करने कहा गया। परिजन आनन-फानन में रूपए की व्यवस्था में लग गये। जब तक पैसे की व्यवस्था की गयी तब तक विलंब हो चुका था। पैसे की व्यवस्था के दौरान दीपक को फोन पर इलाज बन्द कर देने की जानकारी दी गई। बताया कि पैसा देने में विलंब से गुस्साये चिकित्सक ने पीड़ित महिला को आपरेशन थियेटर से निकाल रेफ़र कागज तैयार कर दिया। सरकारी अस्पताल में डाक्टर के इस प्रकार की प्रताड़ना से ग्रसित सैला निवासी दीपक महंत ने खण्ड चिकित्सा अधिकारी से उक्त चिकित्सक की शिकायत की गई है।स्थानीय लोगों की मानें तो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली में सभी कार्यों का दाम फिक्स है जिसमें नसबंदी,प्रसव कार्य मुख्य है जिसके लिए दस हजार से तीस हज़ार तक की रकम की माँग की जाती है।सरकारी अस्पताल में पदस्थ डॉ.हेमंत पैकरा अपना निजी अस्पताल भी सरकारी अस्पताल के समीप संचालित कर रहे हैं। ज़्यादातर समय एवं सेवा निजी अस्पताल में ही देते दिखते हैं। सरकारी अस्पताल में भी वे निजी अस्पताल भी तरह पैसे मांगते हैं।

---

## कोयला लदी ट्रेलर और आंगन में खड़ी कार की हुई चोरी,जांच में जुटी पुलिस



**कोरबा, 19 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।** कोरबा जिले में लगभग 2100000 कीमत के वाहनों की चोरी का मामला दर्ज किया गया है। सड़क किनारे खड़ी कोयला लदी ट्रेलर और घर के आंगन में खड़ी की गई कार की चोरी की गई । जानकारी के मुताबिक नमन विहार पावर हाउस रोड निवासी आलोक कुमार जायसवाल ट्रासपोटिंग का काम करता है। ट्रेलर क्रमांक CG 12 S 6242 जिसका बलराम कश्यप पंजीकृत स्वामी है, की देखरेख आलोक द्वारा किया जाता है। 16 नवम्बर को ड्रायवर संतोष मरावी निवासी पोडी उपरोडा चोटिया खदान से 30 टन 360 किलो कोयला लोड कर बालको प्लांट आ रहा था। शाम होने पर पोडी उपरोडा में मेन रोड कदम चौक के किनारे ट्रेलर खडी कर बगल में अपने घर सोने चला गया। दूसरे दिन सुबह 4 बजे वहां पहुंचा तो ट्रेलर गायब मिला। आसपास पता तलाश में भी नहीं मिलने पर कोयला सहित कुल किमती करीब 1500000 रूपये की चोरी की रिपोर्ट बांगो थाना में दर्ज कराई गई। इसी तरह बी एस. खरे पिता स्व. एस.एस. खरे निवासी एचआईजी-01 आर पी नगर निहारिका की 5 लाख 85 हजार रुपये कीमती कार क्रमांक सीजी 12 एयू 7916 की 17 नवम्बर को रात्रि लगभग 10ः45 से 11 बजे के मध्य घर के सामने खुला आंगन से चोरी हो गई। हुई रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा जांच कर चोरों का पता किया जा रहा है।

---

## बीजेपी कांग्रेस ने राज किया बारी बारी,अब है गोगपा की बारीःसंजय कमरों



- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 19 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

बीजेपी कांग्रेस ने, राज किया बारी बारी अब है गोगपा की बारी प्रदेश अध्यक्ष संजय कमरों ने कहा गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी है। नई सोच नई उमंग के साथ छत्तीसगढ़ राज्य में सभी प्रदेशवासी सभी धर्म के लोगों साथ रखकर आगे बढ़ना चाह रही है। हमारी पार्टी में आप सहभागिता, सदस्यता ग्रहण करें गोंडवाना गणतंत्र पार्टी आपका स्वागत करती है। कुछ लोगों द्वारा गलत प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है की आदिवासियों की पार्टी है।

ऐसा बिल्कुल भी नहीं है बीजेपी में आदिवासियों की सहभागिता है कांग्रेस में आदिवासी विधायक है यह बड़ा सवाल है। इन लोगों ने बहुत राज कर लिया। हमारे पार्टी में भी स्वर्ण समाज के कई लोग बढ़-चढ़कर आगे आ रहे हैं। मैं आप लोगों को विश्वास दिलाना चाहता हूं। दादा हीरा सिंह मरकाम ने जो पार्टी को बनाया है। मैं उसे आप लोग के सहयोग से शुरुआत में छत्तीसगढ़ राज्य में हमें अपनी सरकार स्थापित करनी है। लोगों के बहकावे में ना आवे पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है कांग्रेस बीजेपी वालों को तकलीफ हो रही है अब तक के दोनों पार्टी ने रसमलाई खाया है काम तो कुछ जनहित में किया ही नहीं हमें सत्ता में आकर बहुत कुछ परिवर्तन करना है राज्य में बदलाव लाना है। जब तक हम सत्ता में अपनी सहभागिता नहीं कर पाएंगे यह पार्टियां हमेशा मनमाने ढंग से सरकार चलाएगी। समय कम है काम ज्यादा है ज्यादा से ज्यादा संख्या में बढ़कर आप सभी से पुनः अनुरोध करता हूं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को आगे बढ़ाएं।

---

# कोरिया जिले में जल संग्रहण के लिए समेकित कार्ययोजना बनाकर करेंगे कार्यःविनय कुमार

## जलशक्ति मंत्रालय के दल ने जल संरक्षण, संवर्धन की संरचनाओं पर साझा किए अपने विचार

### गोधन न्याय योजना में लापरवाही करने वाले दो ग्राम पंचायत सचिव किए गए निलंबित

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 19 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)

भारत सरकार के जलशक्ती मंत्रालय से दो सदस्यीय दल ने दो दिनों तक कोरिया व एमसीबी जिले मे हुए जल संवर्धन व संरक्षण के कार्यों का अवलोकन किया। कैच दी रेन प्रोग्राम के तहत जलशक्ती मंत्रालय से उपसचिव व नोडल अधिकारी श्री विनय कुमार तथा तकनीकी निदेशक श्री पृथु राज ने कोरिया जिले के साथ ही एमसीबी जिले में भ्रमण कर जल संरक्षण व जल स्रोत संवर्धन के लिए विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे कार्य का जायजा लिया। अपने भ्रमण के बाद केंद्रीय दल ने जिले के कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह की उपस्थिति में जिले के विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ अपने अनुभव व सुझाव साझा किए। केंद्रीय दल के प्रस्तुतीकरण के बाद कलेक्टर कोरिया श्री विनय कुमार लंगेह ने कहा कि हम आगामी समय में सभी विभागों की एक समेकित कार्ययोजना बनाकर कार्य करेंगे जिससे आने वाले समय में ज्यादा से ज्यादा बारिश का पानी हम अपने लिए बचा सकें। साथ ही जिले की सिंचाई क्षमताओं में विकास हो सके जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल सकें। कलेक्टर श्री लंगेह ने कहा कि जिले का अधिकांश क्षेत्र वन से घिरा हुआ है और रिज टू वैली की दृष्टि से हमारा सर्वाधिक रिज वाला क्षेत्र वनक्षेत्र में आता है। इसलिए वन विभाग की इस दिशा में



महत्वपूर्ण भूमिका होगी क्योंकि बहते हुए जल के प्रारंभिक चरण से ही इसके संरक्षण की दिशा में कार्य करना आवश्यक है। उन्होने विभिन्न विभागीय अधिकारियों को इस दिशा में सचेत होकर कार्य प्रस्ताव बनाने के लिए कहा ताकि उपर की संरचनाओं के आधार पर मैदानी इलाके में अच्छी संरचनाओं को निर्माण हो सके।

इसके पूर्व केंद्रीय दल के प्रमुख उप सचिव श्री विनय कुमार ने बताया कि कैच दी रेन प्रोग्राम के तहत जलशक्ती मंत्रालय द्वारा देश के सभी जिलों को कवर किया जा रहा है। साथ ही सात हजार से ज्यादा विकासखण्ड और ढाई लाख से ज्यादा गांवों को इस अभियान के तहत लिया गया है। यहां जल संरक्षण के लिए बारिश के जल को रोकने के लिए और परंपरागत जल स्रोतों के उन्नयन के लिए जागरूकता का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर तकनीकी निदेशक श्री पृथु राज ने बताया कि अविभाजित कोरिया में बहुत अच्छा कार्य किया गया है। उन्होंने भूमिगत चट्टानों के साथ ही विभिन्न जल के स्रोत की गणना के अनुसार संरचनाएं बनाने का सुझाव देते हुए कहा कि तकनीकी दिशा में काम करने से हम ज्यादा से ज्यादा बारिश का जल भूमिगत कर सकते हैं जो हमारे बेहतर भविष्य के लिए उपयोगी होगी। अपने भ्रमण के दौरान संरचनाओं के तकनीकी यहां जल संवर्धन की दिशा में हो रहे कार्यों की सराहना करते हुए केंद्रीय दल ने आगामी समय में सभी विभागों के आपसी समन्वय और किसी भी तरह की तकनीक साझा करने के लिए आश्वस्त किया। कंद्रीय दल के दोनों अधिकारियों को जिले की ओर से कलेक्टर कोरिया ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गोधन न्याय योजना में लापरवाही करने वाले दो ग्राम पंचायत सचिव किए गए निलंबित

शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले दो ग्राम पंचायत सचिवों को जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। निलंबन के संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीइओ श्रीमती नम्रता जैन ने बताया कि कलेक्टर कोरिया श्री विनय कुमार लंगेह के द्वारा गोधन न्याय योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए प्रत्येक गौठानों में अलग-अलग नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं ताकि योजना के पात्र हितग्राहियों को इसका सतत लाभ मिलता रहे। इसके साथ ही कलेक्टर कोरिया के निर्देष पर विभिन्न गौठानों की औचक जांच भी विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से लगातार कराई जा रही है। गत दिवस जनपद पंचायत खड़गवा के कुछ गोठानों के औचक निरीक्षण में यह पाया गया कि ग्राम पंचायत इंदरपुर में किसानों से लिए गए गोबर से वर्मी कंपोस्ट बनाए जाने में भारी लापरवाही बरती गई। यहां पदस्थ पूर्व व वर्तमान पंचायत सचिव द्वारा ध्यान ना दिए जाने से योजना की प्रगति काफी धीमी हुई और पात्रतानुसार योजना का लाभ महिला समूहों और हितग्राहियों को नहीं मिल सका। पदीय कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत इंदरपुर के पूर्व सचिव तथा वर्तमान में ग्राम पंचायत बचरा में पदस्थ श्री नारायण सिंह सिदार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही वर्तमान में ग्राम पंचायत इंदरपुर में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती संतोषी सिंह को भी कार्य दायित्वों के प्रति लापरवाही पाए जाने पर जनपद पंचायत सीइओ की अनुशंसा पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कार्यालय जिला पंचायत द्वारा जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत इंदरपुर में सचिव का प्रभार विकास जायसवाल को तथा ग्राम पंचायत बचरा में श्री प्रदीप जायसवाल को प्रभार दिया गया है।

# किराये के जर्जर भवन में दशकों से संचालित है उप डाकघर पटना

## »भारत सरकार की सबसे भरोसेमंद संस्था भारतीय डाकघर पुराने ढर्रे पर...आम आदमियों के लिए बनी मुसीबत

» जहां सारे संस्था समय के साथ अपडेट हो रहे हैं वही आज भी भारतीय डाकघर पुराने ढर्रे पर ही।

» भारतीय डाकघर का उप डाकघर पटना शाखा करोड़ों रुपए की आय करने के बावजूद लोगों को नहीं दे पा रहा बेहतर सुविधा।





- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 19 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

भारत सरकार की सबसे भरोसेमंद संस्था में भारतीय डाकघर का नाम आता है भारतीय डाकघर भारत सरकार की सबसे विश्वसनीय संस्था में से एक है और सारे जगहों पर इसकी शाखा मिल जाती है, आम जनमानस में लोगों को भारतीय डाक पर भरोसा भी खूब होता है पर जब सुविधाएं की बात आती है तो भारतीय डाक बाकी संस्थो के मुताबिक पीछे हो जाता है इसका जीता जागता उदाहरण पटना का उप डाकघर है जहां प्रति महीने करोड़ों की आय डाकघर को होती है इसके बावजूद यहां पर पैसा जमा करने वाले व निकालने वालों को काफी समस्या होती है इसमें सबसे बड़ी समस्या है इंटरनेट की और दूसरा भारतीय डाकघर की जहां हमेशा लिंक फेल होने की बात आती है, वही सुरक्षा की दृष्टि से भी इस शाखा में बहुत कुछ अच्छा नहीं है।

कोरिया जिले के ग्राम पटना स्थित उप डाकघर किराये के जर्जर भवन में कई दशकों से संचालित है। भवन की जर्जर स्थिति और पुराने जमाने की पटाव वाली खपरैल भवन रहने के कारण जहां हादसे कि आशंका बनी हुई है वहीं डाकपाल सहित सभी कर्मी खौफ के साये में कार्य करने को विवश हैं। आमलोगों के लिए महत्वपूर्ण यह डाक विभाग आज के जमाने भी अपनी बदहाली पर आंसू बहाने पर विवश है। कार्य अवधि कै दौरान आम लोगों की भी भीड़ लगी रहती है यदि कोई हादसा हुआ तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। विदित हो कि पटना उप डाकघर छत्तीसगढ़ राज्य गठन होने के पूर्व 1987 से लेकर वर्तमान तक किराये के एक खपरैल भवन में संचालित है जिसकी स्थिति जर्जर हो गई है, परन्तु जिम्मेदारों द्वारा स्थिति सुधारने की दिशा में अब तक कोई कार्य नहीं किया गया है। ऐसा नहीं है कि उप डाकघर पटना भवन कि स्थिति को लेकर डाकपालों द्वारा विभागीय अधिकारियों को अवगत नहीं कराया गया है। बल्कि बारहाँ कराया है, बावजूद इसके विभाग भवन उपलब्ध कराने को लेकर गंभीर नहीं हो पा रहा है।

### छोटे से जर्जर भवन में उप डाकघर कई दशक से संचालित

पटना डाकघर मे कार्यरत उप डाकपाल बताते हैं कि किराये पर लिए गये छोटे भवन में यह उप डाकघर कई दशक से संचालित है, इसकी जर्जर स्थिति क्षेत्र के लोगों से छुपी हुई नही है। ऐसी स्थिति में हमें कार्य निष्पादन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है, तथा किराया कम रहने के कारण भवन मालिक भी मरम्मत नहीं करते हैं। परिणाम स्वरूप सभी कर्मियों को इस जर्जर भवन में खौफ के बीच काम करने कि बाध्यता है। वर्तमान डाकपाल के अलावे पूर्व के उप डाकपालों द्वारा भी वरीय अधिकारियों को भवन की स्थिति बताते हुए नये भवन की मांग की जा चुकी है लेकिन स्थिति यथावत बनी हुई है। वरीय अधिकारियों को इस दिशा में ध्यान देने की अत्यधिक आवश्यक्ता है।



## प्राचीन राम मंदिर में भक्तों ने की सुंदरकांड पाठ का आयोजन

- संवाददाता -
रामानुजगंज 19 नवंबर 20-22 (घटती घटना)

शहर के कन्हर नदी तट पर स्थित राम मंदिर में शनिवार को सुबह सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया था जहां श्री राम भक्तों ने वाद्ययंत्रों की मनोहारी धुनों से सुंदरकांड पाठ किया।प्राचीन राम मंदिर में प्रतिदिन शाम के समय राम भक्तों के द्वारा रामायण पाठ का सामूहिक रूप से आयोजन कर रामायण वाचन किया जाता है और 01 साल पूर्ण होने पर पूर्णाहुति के रूप में सुंदरकांड का पाठ कर उसे पूर्ण किया जाता है। तत्पश्चात उसके दूसरे दिन से पुनः रामायण पाठ प्रारंभ कर दिया जाता है। यह राम भक्ति का सिलसिला काफी समय से चलता आ रहा है इसमें राम भक्तों के द्वारा श्रद्धा भाव से शामिल होकर रामायण पाठ किया जाता है। आज आयोजित सुंदरकांड पाठ में भगवान श्री राम के जयकारे लगाए गए सुंदरकांड का पाठ सुबह 8:45 बजे प्रारंभ हुआ और लगभग 1:00 बजे तक चला। मंदिर के पुजारी सुदर्शन दुबे के द्वारा आरती की गई ।आरती उपरांत भगवान को भोग लगाते हुए भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर यशपाल दुबे धनन्जय मिश्रा अशोक केसरी रमेश केसरी अजय केसरी अजय गुप्ता शंभू कश्यप एस पी निगम अजय सोनी विनायक मिश्रा आशीष गुप्ता आनंद पाठक विनोद राहगीर महेश अग्रवाल माधव मिस्त्री अनिल जयसवाल प्रमोद मिश्रा शम्भु गुप्ता छद्दू गुप्ता एवं 04 महिलाएं सहित अन्य लोग भगवान राम की भक्ति में शामिल हुए।

## सूरजपुर यातायात पुलिस ने लगवाया नेत्र जांच शिविर,वाहन चालकों की आंखों की हुई जांच

- संवाददाता -
सूरजपुर, 19 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी के द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाते हुए नेशनल हाईवे पर वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कर बस, ट्रक व छोटे-बड़े चार पहिया वाहन के चालकों का नेत्र का परीक्षण विशेषज्ञ डॉक्टर से कराया है। इस कैम्प में आंखों की जांच के लिए आए वाहन चालकों को यातायात प्रभारी ने यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी।



शुक्रवार, 18 नवम्बर को यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय के द्वारा जिला परिवहन अधिकारी अमित कश्यप की मौजूदगी में नेशनल हाईवे पर ग्राम सतपता में वाहन चालकों का नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। नेत्र चिकित्सक डॉ. प्रदीप कुजूर ने वाहन 110 वाहन चालको की आंखों का परीक्षण किया गया जिनमें 65 चालकों के नेत्र सही पाए गए, 43 वाहन चालकों को चश्मे की आवश्यता होने पर उन्हें चश्मा पहनने एवं 2 चालकों के आंखों में मोतियाबिंद की समस्या पाए जाने पर जल्द ऑपरेशन करने की सलाह दी गई। यातायात प्रभारी ने बताया कि इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बस, ट्रक व छोटे 4 पहिया वाहन के चालकों की आंखों की जांच कराना है। वाहन चालकों के नेत्र सही रहेंगे तो सफर के दौरान सड़क पर दुर्घटनाएं कम होगी और लोग सुरक्षित रहेंगे। इस दौरान टेक्नेशियन श्यामलाल चौधरी, यातायात पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## लोहे का एंगल चोरी मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार,थाना विश्रामपुर पुलिस की कार्यवाही

- संवाददाता -
सूरजपुर, 19 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

दिनांक 18.11.22 को ग्राम पंचायत सतपता के पंच चंदन सिंह ने थाना विश्रामपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम सतपता चिटकीपारा में लगे सोलर पंप के पानी टंकी के पिलर का लोहे का एंगल 19 नग को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है, रिपोर्ट पर धारा 379 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।




अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु के मार्गदर्श में चोर की पतासाजी करने के दौरान थाना विश्रामपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि घटना के पूर्व संदीप तिग्गा और विजय सिंह दोनों को पानी टंकी के पास घुम रहे थे। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों संदेहियों को पकड़ा गया। पूछताछ पर दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के निशानदेही पर 19 नग लोहे का एंगल कीमत 10 हजार रूपये का जप्त कर आरोपी संदीप तिग्गा पिता ऑस्कर तिग्गा उम्र 38 वर्ष निवासी जेएमक्यू कॉलोनी विश्रामपुर व विजय सिंह उर्फ बाउ पिता ननका राम उम्र 22 वर्ष निवासी शिवनंदनपुर को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुर के.डी. बनर्जी, प्रधान आरक्षक राम निवास तिवारी, इंद्रजीत सिंह, विकास सिंह, आरक्षक बिहारी पांडेय, उमेश राजवाड़े, रवि शंकर पांडे, अपील चौधरी व विजय साहू सक्रिय रहे।

## कलेक्टर ने एसईसीएल प्रबंधन को लंबित प्रकरणों में तेजी लाने एवं खदानों में कोयला चोरी को रोकने पुख्ता इंतजाम के दिए निर्देश

- संवाददाता -
कोरबा 19 नवंबर 20-22 (घटती घटना)

कलेक्टर संजीव झा ने एसईसीएल प्रबंधन के अधिकारियों की बैठक लेकर भूविस्थापितों को नौकरी देने के लिए बचे हुए प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने लंबित प्रकरणों को तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसईसीएल क्षेत्र कोरबा, दीपका, कुसमुण्डा एवं गेवरा के महाप्रबंधकों से अभी तक संस्थान द्वारा भू-विस्थापितों को दिए गए नौकरी और मुआवजा वितरण की जानकारी ली। नौकरी देने के लिए बचे हुए लंबित प्रकरणों में तेजी से कार्यवाही करते हुए भू-विस्थापितों के रोजगार की समस्याओं को दूर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में एसईसीएल द्वारा भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी ली। साथ ही तकनीकी समस्याओं और विभागीय समन्वय के कारण रुके हुए प्रकरणों को विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करके निराकरण के भी निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने एसईसीएल के खदानों में कोयला चोरी रोकने के लिए किए गये सुरक्षा इंतजामों की भी जानकारी ली। उन्होंने कोयला चोरी रोकने सभी खुले जगहों को बंद करके सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ऐसे जगहों पर सीआईएसएफ और त्रिपुरा राईफल्स के अधिक संख्या में जवानों की ड्यूटी लगाकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, डीएफओ कटघोरा श्रीमती प्रेमलता यादव, एसडीएम कटघोरा कौशल प्रसाद तेंदुलकर, एसडीएम कोरबा श्रीमती सीमा पात्रे सहित एसईसीएल कोरबा, कुसमुण्डा, गेवरा एवं दीपका क्षेत्र के अधिकारीगण मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर संजीव झा की विशेष पहल के फलस्वरूप पिछले 05 माह में 65 भू-विस्थापितों को एसईसीएल द्वारा नौकरी दिया गया है। कलेक्टर भू-विस्थापितों के मुआवजा और नौकरी से संबंधित लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए लगातार एसईसीएल के अधिकारियों को निर्देशित कर रहे हैं।



## भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष राजारामदास ने किया धान खरीदी केंद्र निरीक्षण किसानों की समस्या सुनी कोटाडोल में

ईस्नु प्रसाद यादव
संवाददाता मनेंद्रगढ़ ,
19 नवम्बर 2022 (घटती-घटना)।

जिला एमसीबी मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के दुरस्त वनांचल क्षेत्र तहसील कोटाडोल मे भारतीय जनता पार्टी मंडल कोटा डोल से निगरानी समिति संयोजक सहसंयोजक रामशकल, शसुभाश सिंह भाजपा मंडल अध्यक्ष राजाराम दास के उपस्थित में किसानों के समस्या एवं वारदाना टोकन सुविधा उपलब्ध की जानकारी लिया गया

जानकारी धान खरीदी केंद्र कोटा डोल, एवं धान खरीदी केंद्र कमर्जी का समिति प्रबंधक वर्तमान रमाकांत पांडेय इनके द्वारा बताया गया कि केन्द्र मे कुल207,60किवटल धान खरीदी दिनांक 18/11/022तक का जानकारी के अनुसार खरीदी धान का किया गया है, वारदाना उपलब्ध हैधान पति किवंटल दर 2040/में खरीदी किया जाता है,अभी तक खरीदी 5%है678किसानो का रजिस्ट्रेशन समिति में दर्जसंख्या है,




**सहकारिता विभाग संयोजक रामशकल** सुभाष सिंह, सहसंयोजक किसान भी धान खरीदी केंद्र में किसानों से बातचीत किया भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष राजाराम दास ने किसानों से बातचीत किया गया काफी संख्या में किसान रहे उपस्थित।

## वर्तमान राजनीतिक व्यवस्था में जब सावरकर का कोई स्थान नहीं तो राहुल गांधी को निष्पक्ष मार्गदर्शन करना चाहिएःबजरंग मुनि

- संवाददाता -
रामानुजगंज 19 नवंबर 20-22 (घटती घटना)

अपना विचार व्यक्त करते हुए समाज विज्ञानी बजरंग मुनि ने कहां की मैंने बहुत सोच समझकर योजना पूर्वक अपने जीवन की शुरुआत की थी। मुझे बहुत उम्मीद थी कि दुनिया की प्रमुख समस्याओं के समाधान में मैं कुछ सहायक बन सकूंगा। अब उम्र और स्वास्थ के हिसाब से कुछ निराशा हुई है। मैं इस बात को समझ गया था कि राजनीति ही सभी समस्याओं की प्रमुख उत्पादक संस्था है। लंबे समय तक मुझे राहुल गांधी नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल से उम्मीदें बनी रही। राहुल गांधी ने अपनी सामाजिक प्राथमिकताओं को बदलकर राजनैतिक कर लिया अब राहुल गांधी दिन रात सावरकर के पीछे पड़े हैं जबकि सावरकर वर्तमान और राजनीतिक व्यवस्था में कहीं कोई महत्वपूर्ण स्थान नहीं रखते राहुल गांधी को भारतीय राजनीति का निष्पक्ष मार्गदर्शन करना चाहिए नेतृत्व नहीं। नीतीश कुमार से मुझे बहुत उम्मीदें थी लेकिन परिस्थितियों ने नीतीश कुमार को मजबूर कर दिया और उन्होंने हार मान ली। अरविंद केजरीवाल से मुझे राजनीतिक प्रणाली में बदलाव की उम्मीद थी लेकिन अरविंद केजरीवाल वर्तमान गंदी राजनीति में अपना हित खोजने लग गये। नरेंद्र मोदी से 2012 तक मुझे कोई ज्यादा उम्मीद नहीं थी मैं सिर्फ इतनी ही उम्मीद करता था कि नरेंद्र मोदी मुस्लिम सांप्रदायिकता को बराबरी पर ला सकेंगे लेकिन जहां राहुल गांधी नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल ने राजनैतिक व्यवस्था के मामले में मुझे निराश किया है वहीं नरेंद्र मोदी और मोहन भागवत ने मिलकर मुझे उम्मीद से बहुत अधिक राजनीतिक मामलों में संतुष्ट किया है। मैं राजनैतिक मामलों में पूरी तरह आंख बंद करके नरेंद्र मोदी मोहन भागवत का समर्थन कर रहा हूँ। लेकिन अब तक नरेंद्र मोदी मोहन भागवत से सुशासन की उम्मीद जगी है, स्वशासन के कोई लक्षण नहीं दिख रहे हैं। स्वशासन के संबंध में अभी पूरे भारत में कहीं से कोई आवाज नहीं उठ रही है इसलिए अंत में निराश होकर मैंने सामूहिक यज्ञ को सभी समस्याओं के समाधान की शुरुआत बताया है। मेरे लिए अब दो मार्ग हैं जो एक दूसरे के पूरक हैं पहला मार्ग सामूहिक यज्ञ है। मैं अपनी पूरी ताकत से सामूहिक यज्ञ प्रणाली को आदर्श दिशा में विकसित करने की कोशिश करूंगा जिसकी शुरुआत छत्तीसगढ़ के तातापानी से शुरू होगी। फरवरी माह के तीसरे सप्ताह में यह सामूहिक यज्ञ होगा। दूसरा कार्य मेरा यह होगा कि मैं अपनी शेष सारी शक्ति उस व्यक्ति या समूह की मदद में लगाऊंगा जो वर्तमान राजनैतिक प्रणाली के विरुद्ध लोक स्वराज्य की प्रणाली को आगे ले जाने का नेतृत्व करेगा। वहीं नरेंद्र मोदी, मोहन भागवत की राजनैतिक सामाजिक आर्थिक नीतियों का पूरा समर्थन करता रहूंगा। मैं पूरा- पूरा प्रयास करूंगा कि भारत में नेहरू अंबेडकर और सावरकर सरीखे लोगों की आर्थिक सामाजिक राजनीतिक प्रणाली कभी वापस ना आ सके मैंने अपना मार्ग चुन लिया है।





कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि :- 16.11.2022

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. आनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि- 25.11.2022
03. संबंधित संभाग-सूरजपुर

| सरल क्र. | एन.आई. क्र./आनलाईन सिस्टम क्र | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख में |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 136 114016 3rd Call D class and Above | उपसंभाग सूरजपुर एवं प्रेमनगर अंतर्गत सी.जी.आर.आई.डी. सी. एल. योजनांतगत स्वीकृत निम्न मार्गों में रोड फर्नीचर एवं रोड सेफ्टी आईटम प्रोवाईडिंग एवं फिक्सिंग का कार्य। 1.डुमरिया चौक से बुंदिया बाजार मार्ग 2. लटोरी हाईस्कूल से भंडारपारा माग 3. लक्ष्मीपुर से नया करोली रोड 4. शिवपुर से शिवमंदिर पहुंच मार्ग। | 22.59 |

जी नंबर-95904/1

अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

# फीफा विश्व कप:बार्का ने स्पेन की टीम में चोटिल जोस लुइस गया की जगह बाल्डे को किया शामिल

**दोहा, 19 नवंबर 2022।** एफसी बार्सिलोना के 19 वर्षीय लेफ्ट बैक अलेजांद्रो बाल्डे को विश्व कप के लिए स्पेन की टीम में जोस लुइस गया की जगह शामिल किया गया है। स्पेनिश फुटबॉल महासंघ ने इसकी पुष्टि की है।

गया पैर की चोट के कारण विश्व कप खेलने से चूक गए थे, बाल्डे ने सीजन की शानदार शुरूआत के बाद अंडर-21 टीम से कदम रखा था, जिसने उसे बारका के लिए बाएं और दाएं दोनों तरफ से खेलते हुए देखा है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने अपने करियर में टीम में प्रदर्शन किया और केवल सितंबर में अंडर-21 से डेब्यू किया।

स्पेन के कोच लुइस एनरिक ने स्वीकार किया कि यह गया को यह बताने के लिए सबसे बुरा दिन रहा है कि उन्हें एक चोट के कारण टीम छोड़नी पड़ी।

शिमोन, परेरा अर्जेंटीना के लिए विश्व कप स्टैंडबाय पर रखे गए।

अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने शुक्रवार को कहा कि नेपोली फॉरवर्ड जिओ शिमोन और उडीनीज हमलावर मिडफील्डर रॉबटरे परेरा को फीफा विश्व कप के लिए अर्जेंटीना के रिजर्व की सूची में जोड़ा गया है।

यह घोषणा वालेंसिया के मिडफील्डर निको गोंजालेज और इंटर मिलान के फारवर्ड जोकिन कोरीया को मांसपेशियों की चोटों के कारण एल्बिसेलेस्टे की 26 सदस्यीय टीम से हटा दिए जाने के एक दिन बाद आई। एटलेटिको मैड्रिड के एंजेल कोरिया और अटलांटा यूनाइटेड के थियागो अल्माडा को घायल जोड़ी के लिए सीधे प्रतिस्थापन के रूप में नामित किया गया था और शुक्रवार को अर्जेंटीना की टीम में शामिल हो गए।




खबर है कि परेरा और शिमोन को स्टैंडबाय पर रखा गया था, प्रबंधक लियोनेल स्कालोनी के उद्देश्य के अनुरूप है कि प्रत्येक स्थिति में कम से कम एक बैकअप खिलाड़ी उनके निपटान में हो। दो बार की चैम्पियन अर्जेंटीना 22 नवंबर को सऊदी अरब के खिलाफ अपने विश्व कप अभियान की शुरूआत करेगी और ग्रुप सी में मैक्सिको और पोलैंड से भी भिड़ेगी।

मार्क्विनहोस ने विश्व कप की चोट की आशंका को कम किया।

पैर की मांसपेशियों की चोट से उबरने के बाद ब्राजील के डिफेंडर मार्क्विनहोस सर्बिया के खिलाफ अपनी टीम के पहले फीफा विश्व कप मैच के लिए पूरी तरह फिट होने की ओर अग्रसर हैं।

28 वर्षीय को सप्ताह के शुरू में प्रशिक्षण से बाहर बैठने के लिए मजबूर किया गया था, लेकिन शुक्रवार को ट्यूरिन में ब्राजील के पूर्व-विश्व कप बेस में पूर्ण अभ्यास सत्र के लिए अपने साथियों के साथ शामिल होने के कारण वह अप्रभावित दिखे।

पेरिस सेंट-जर्मेन खिलाड़ी ने चोट को एक उपद्रव के रूप में वर्णित किया था, यह पुष्टि करते हुए कि वह एक सप्ताह के आराम के बाद धीरे-धीरे चरम शारीरिक स्थिति में लौट रहा था।

ब्राजील 24 नवंबर को सर्बिया के खिलाफ कतर में टूर्नामेंट शुरू करेगा और ग्रुप जी में स्विट्जरलैंड और कैमरून से भी भिड़ेगा। दक्षिण अमेरिकी टीम छठी बार अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतने का लक्ष्य रखेगी।

## भारतीय टीम की टी 20 विश्व कप की जीत को अब नए अवतार में देख सकेंगे

**नई दिल्ली 19 नवंबर 2022।** भारतीय क्रिकेट टीम बीते 15 वर्षों में सिर्फ एक बार टी20 विश्व कप जीतने में सफलता हासिल कर पाई है। इसके बाद से ही भारतीय टीम को टी20 विश्व कप जीतने में सफलता नहीं मिली है। भारतीय टीम ने तत्कालीन भारतीय टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में पाकिस्तान को हराकर शुरुआती संस्करण में ट्रॉफी पर कब्जा जमाया था। अब इस ऐतिहासिक पल पर एक वेब सीरीज भी बनने जा रही है।

जानकारी के मुताबिक ऐतिहासिक पल और उस खुशी को क्रिकेट फैंस फिर से देख सकेंगे। मैच वीनिंग मोमेंट्स को दोबारा जीने का मौका भारतीय क्रिकेट फैंस को यूके की प्रोडक्शन हाउस की तरफ से मिलेगा। हालांकि अब तक ये खुलासा नहीं हुआ है कि मैच में कौन से अभिनेता क्या किरदार निभाएंगे। अभी सीरीज के नाम का खुलासा भी नहीं हुआ है। मगर भारतीय क्रिकेट फैंस फिर से भारतीय टीम को आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी उठाते हुए देख सकेंगे। इस सीरीज का निर्देशन दिल्ली हाइट्स और जिला गाजियाबाद बना चुके आनंद कुमार करेंगे। इसे बनाने की जिम्मेदारी यूके स्थित प्रोडक्शन हाउस वन वन सिक्स नेटवर्क ने ली है।




बता दें कि फाइनल मुकाबले में ऐतिहासिक रुप से भारत ने पाकिस्तान को हराया था। ये मैच बेहद रोमांच से भरा था। माना जा रहा है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अगले वर्ष तक इस सीरीज को रिलीज किया जाएगा। ये एक नहीं बल्कि कई भाषाओं में क्रिकेट फैंस के लिए उपलब्ध होगी। वहीं फिल्म की खबर की पुष्टि ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श भी कर चुके है।

ऐसा था मैच

टी20 वर्ल्ड कप में महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में पहली बार भारतीय टीम आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप खेल रही थी। इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान को पांच विकेट खोकर 157 रनों का लक्ष्य दिया था। भारत के लिए गौतम गंभीर ने 54 गेंदों में 75 रन और रोहित शर्मा ने 30 रनों की नाबाद पारी खेली थी। पाकिस्तान की टीम को इस मैच में काफी खराब शुरूआत मिली थी। पाकिस्तान की टीम के हाथ से ये मैच पूरी तरह निकल चुका था। पाकिस्तान की टीम एक समय में छह विकेट खोकर 77 रनों पर थी, जिससे माना जा रहा था कि ये मैच पाकिस्तान के हाथ से निकल गया है। हालांकि मैच में मिसबाह उल हक ने दमदार पारी खेलते हुए पाकिस्तान की टीम को मजबूती दी थी। मिसबाह उल हक की शानदार पारी की बदौलत पाकिस्तान को अंतिम चार गेंदों में छह रनों की दरकार थी। मगर मिसबाह उल हक को जोगिंदर शर्मा की गेंद पर श्रीसंत ने लपका था, जिससे भारतीय टीम को ट्रॉफी उठाने का मौका मिला था।



## जयसूर्या, अकरम लंका प्रीमियर लीग के 'ब्रांड दूत' बने

**नई दिल्ली 19 नवंबर 2022।** महान क्रिकेटर सनत जयसूर्या और वसीम अकरम को छह से 23 दिसंबर तक चलने वाली लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के तीसरे चरण के लिये 'ब्रांड दूत' बनाया गया है।सर्वकालिक विस्फोटक बल्लेबाजों में शुमार जयसूर्या ने श्रीलंका के लिये 20,000 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय रन और 440 विकेट झटके हैं जबकि अकरम ने पाकिस्तान के लिये अपने शानदार करियर में कुल 916 विकेट चटकाये हैं।

जयसूर्या ने विज्ञप्ति में कहा, मैं एलपीएल के तीसरे चरण में ब्रांड दूत बनकर काफी खुश हूं। यह टूर्नामेंट घरेलू क्रिकेट कैलेंडर में जुड़ना शानदार है और इससे श्रीलंका में कुछ बेहतरीन प्रतिभायें सामने आयी हैं। उन्होंने कहा, इससे हमें बेहतरीन क्रिकेट प्रतिभा खोजने और उन्हें तराशने के लिये आदर्श मंच मिला है जैसे हमने इस साल के शुरू के दौरान एशिया कप में देखा। एलपीएल श्रीलंका को अपनी टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम तैयार करने में मदद कर रहा है।

वहीं 1992 वनडे विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रहे अकरम ने कहा कि वह टूर्नामेंट का ब्रांड दूत बनकर काफी खुश हैं।उन्होंने कहा, इससे श्रीलंका में कुछ अच्छे खिलाड़ी देखने को मिल रहे हैं और इस साल हमने एशिया कप में इसका सबूत भी देखा जिसमें टीम ने जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के आगामी चरण में कुछ स्टार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी खेलेंगे जिसमें एविन लुईस, कार्लोस ब्रैथवेट, जानेमन मलान, ड्वेन प्रिटोरियस, डार्सी शॉर्ट और शोएब मलिक शामिल हैं।



## हर किसी को ब्रेक की जरूरत होती है

### अश्विन ने न्यूजीलैंड दौरे पर द्रविड़ की अनुपस्थिति का बचाव किया

**नई दिल्ली 19 नवंबर 2022।** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की न्यूजीलैंड दौरे पर अनुपस्थिति का बचाव करते हुए कहा कि टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिये इतना काम करने के बाद सहयोगी स्टाफ को भी ब्रेक की जरूरत थी। द्रविड़ से पहले भारतीय टीम के मुख्य कोच रह चुके रवि शास्त्री ने कुछ दिन पहले सवाल उठाया था कि भारतीय कोच को ब्रेक की जरूरत क्यों है जबकि उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान दो-तीन महीने का ब्रेक मिल जाता है। अश्विन ने कहा कि कोचिंग स्टाफ भी शारीरिक और मानसिक रूप से थक जाता है।

पूर्व भारतीय बल्लेबाज और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को द्रविड़ की अनुपस्थिति में भारतीय टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी दी गयी है। अश्विन ने अपने 'यू ट्यूब' चैनल पर कहा, ''मैं बताऊंगा कि लक्ष्मण वहां पूरी तरह से अलग टीम के साथ गये हैं क्योंकि इसे भी अलग तरह से स्पष्ट किया जा सकता है। राहुल द्रविड़ और उनकी टीम ने टी20 विश्व कप से पहले योजना बनाने से लेकर काफी व्यापक काम किया है। मैंने उन्हें करीब से देखा है तो मैं यह कह रहा हूं।''

उन्होंने कहा, ''उनके पास प्रत्येक स्थल और प्रत्येक प्रतिद्वंद्वी के लिये विशेष योजना थी। इसलिये वे मानसिक ही नहीं बल्कि शारीरिक रूप से थक गये होंगे और हर किसी को ब्रेक की जरूरत है।'' अश्विन ने कहा, ''जैसे ही न्यूजीलैंड श्रृंखला खत्म होगी, हमें बांग्लादेश का दौरा करना है। इसलिये इस दौरे के लिये लक्ष्मण की अगुआई वाला अलग कोचिंग स्टाफ है।'' शास्त्री ने कहा था, ''मैं ब्रेक में विश्वास नहीं करता। मैं अपनी टीम और खिलाड़ियों को समझना चाहता हूं। ईमानदारी से कहूं तो आपको इतने ब्रेक की जरूरत क्यों है। आपके पास ब्रेक के लिये आईपीएल में दो-तीन महीने का समय होता है, बतौर कोच आपको आराम के लिये इतना समय काफी है।

## सिंघम 4 के लिए तैयार सूर्या,कहानी पर चल रहा काम

जब भी साउथ के बड़े सितारों का जिक्र होता है तो सूर्या का नाम लिस्ट में जरूर आता है, क्योंकि उन्होंने कई सुपरहिट फिल्में देकर दर्शकों को अपना मुरीद बनाया है। अब सूर्या फिर सुर्खियों में हैं और इस बार भी वह जिस वजह से चर्चा में आए हैं, उसे सुनकर कोई खुश हो ना हो, उनके प्रशंसकों के चेहरे जरूर खिल उठेंगे। दरअसल, अब वह अपनी सुपरहिट फ्रैंचाइजी सिंघम का चौथा पार्ट ला रहे हैं।

फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया, निर्देशक हरि गोपालकृष्णन फिलहाल अपने एक दूसरे प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं, लेकिन वह साथ ही साथ सिंघम 4 पर भी काम कर रहे हैं। अभी इस बारे में कुछ कहना जल्दबाजी होगी। फाइनल ड्राफ्ट तैयार होने में थोड़ा समय लगेगा। सूत्र ने कहा, कहानी फाइनल होते ही यह सूर्या को सुनाई जाएगी। वह जानते हैं कि फिल्म पर काम चल रहा है। सूर्या चौथे भाग को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

सिंघम 2010 में दर्शकों के बीच आई थी। इसमें सूर्या के साथ अनुष्का शेट्टी और प्रकाश राज



नजर आए थे। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। फिल्म की लोकप्रियता देख इसका सिंघम 2 नाम से इसका सीक्वल दर्शकों के लिए लाया गया। यह 2013 में आया। इसके बाद बारी आई सिंघम 3 की, जो 2017 में रिलीज हुई और इसे भी दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। तीनों भागों के निर्देशक और लेखक हरि गोपालकृष्णन ही थे।

साउथ की कई हिट फिल्मों के रीमेक हिंदी में बन चुके हैं, जो हिट ही नहीं, सुपरहिट साबित हुए हैं। सिंघम भी उन्हीं में से एक है। इसी नाम से इसका हिंदी रीमेक बनाया गया, जिसमें हीरो की जगह अजय देवगन ने ली और निर्देशन की जिम्मेदारी रोहित शेट्टी ने संभाली है। सिंघम के बाद सिंघम रिटर्न्स आई। इसे भी दर्शकों ने सराहा और अब रोहित ने सिंघम 3 पर भी अपनी मुहर लगा दी है।

सूर्या इन दिनों अभिनेत्री दिशा पाटनी के साथ फिल्म सूर्या 42 की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म के बड़े हिस्से की शूटिंग विदेश में होगी। फिल्म का पहला भाग रिलीज होने के बाद दूसरे भाग की शूटिंग शुरू की जाएगी। सूर्या वनागान नाम की एक फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में रवि तेजा भी एक छोटे से किरदार में दिखने वाले हैं। सूर्या तमिल ड्रामा फिल्म सोरारई पोट्रु के हिंदी रीमेक में भी एक खास भूमिका निभाने वाले हैं।



## जान्हवी कपूर ने दिखाया अबतक का सबसे सेक्सी अवतार, बोल्ड गाउन में दिखाया परफेक्ट फिगर

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें और वीडियो पोस्ट करती रहती हैं. एक्ट्रेस इन दिनों अपनी फिल्म मिली में की गई दमदार अदाकारी के लिए फैंस की तारीफें बटोर रही हैं। अभिनेत्री अदाकारी के साथ-साथ अपने लुक्स को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। बीते दिन जान्हवी ने ब्लू ऑफ शोल्डर बॉडीकॉन ड्रेस में तस्वीरें डाल इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है। हाल ही में जान्हवी कपूर ने जो तस्वीरें पोस्ट की हैं उनमें वो किसी जल परी से कम नहीं लग रही हैं। स्ट्रेपलेस गाउन में शेयर की गई इन तस्वीरों को देखकर आप उनके दीवाने हो जाएंगे। तस्वीरों मो जान्हवी कपूर का लुक और अदाएं अलग ही लेवल की हैं। डीपनेक ड्रेस में अदाएं दिखाती जान्हवी कपूर का यह अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है। जान्हवी कपूर हाल ही में एल ब्यूटी अवॉर्ड्स में इस ड्रेस को पहन कर पहुंचीं थीं। फॉर्म फिटिंग वाली इस ब्राइट लाइट ब्लू ड्रेस की तरफ सभी के सिर जान्हवी को देखते ही मुड़ गए। शिमरी सीक्वेंस ऑफ शोल्डर लॉन्ग गाउन में जान्हवी कपूर बेहद बोल्ड और खूबसूरत नजर आईं। इस बॉडीकॉन गाउन में जान्हवी का एकदम परफेक्ट फिगर नजर आ रहा था।




## मारीच से सालों बाद तुषार कपूर पर्दे पर वापसी करेंगे,अनीता हसनंदानी साथ आएंगी नजर



थ्रिलर फिल्म मारीच पिछले काफी समय से चर्चा में है। यह इसलिए भी खास है, क्योंकि इसके जरिए अभिनेता तुषार कपूर की तो पर्दे पर वापसी हो ही रही है, साथ ही अनीता हसनंदानी के साथ भी दो दशक बाद उनकी जोड़ी फिर बन रही है। हाल ही में फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज हुआ, जिसके बाद इसे लेकर सोशल मीडिया पर एक फिर चर्चा तेज हो गई। तुषार लंबे समय बाद मर्डर मिस्ट्री फिल्म मारीच से फिल्मी दुनिया में वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म में वह एक ताकतवर और खतरनाक पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आने वाले हैं। निर्माताओं ने फिल्म का मोशन पोस्टर साझा किया है, जिसमें तुषार एक सख्त और निडर पुलिसवाले की भूमिका में नजर आ रहे हैं। वह अपराधियों को सबक सिखाने की बात करते दिख रहे हैं। तुषार को आखिरी बार 2017 में गोलमाल अगेन में देखा गया था। इस फिल्म में तुषार के साथ अभिनेत्री अनीता हसनंदानी नजर आएंगी। दोनों ने पहले 2003 में ये दिल और कुछ तो है जैसी फिल्मों में साथ काम किया था। अब 19 साल बाद पर्दे पर यह जोड़ी वापसी कर रही है। तुषार और अनीता दोनों ही फिल्म से जुड़कर बेहद खुश हैं। इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह एक पादरी के किरदार में नजर आने वाले हैं। फिल्म में राहुल देव और सीरत कपूर भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगी।








C M Y K

# प्रदेश के किसानों की हुई बल्ले-बल्ले

## भूपेश सरकार ने बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत खाते में जमा किए 1777.59 करोड़ रुपये



**रायपुर,19 नवम्बर 2022 (ए)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में धान खरीदी के तीसरे सप्ताह किसानों से समर्थन मूल्य पर 8 लाख 67 हजार 487 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। राज्य सरकार की धान खरीदी के समुचित व्यवस्था के चलते किसान उत्साह के साथ धान खरीदी केन्द्रों में पहुंच रहे हैं। धान बेचने के लिए अब उन्हें लम्बा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा धान बेचने वाले किसानों को अग्रिम में टोकन दिया जा रहा है। जिसके फलस्वरूप किसानों का धान सुविधाजनक ढंग से खरीदने का काम हो रहा हैं। धान खरीदी के साथ-साथ लगातार कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव भी चल रहा है।

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 नवंबर से चालू धान खरीदी सीजन में अब तक लगभग 2 लाख 61 हजार 346 किसानों से 8 लाख 67 हजार 487 मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। धान के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 1777.59 करोड़ रुपये का भुगतान जारी कर दिया गया है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 110 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन अनुमानित है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए प्रदेश में 25.91 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.18 लाख नये किसान है। राज्य में धान खरीदी के लिए 2538 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। इस साल किसानों से सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है।

खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि आज 18 नवम्बर को 30 हजार 895 किसानों से 1 लाख 10 हजार 251 मीट्रिक टन धान तथा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से 16 हजार 590 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। आगामी दिवस की धान खरीदी के लिए राज्य में धान उपार्जन के लिए 38 हजार 113 टोकन तथा तुंहर हाथ एप के जरिये 5689 टोकन जारी किए गए हैं। राज्य में धान खरीदी निर्बाध रूप से जारी है। अधिकारी धान खरीदी व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखे हुए हैं। सीमावर्ती राज्यों से अवैध धान परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट के जरिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

खाद्य सचिव वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए धान का उठाव हो रहा है। अब तक 5 लाख 95 हजार 022 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डी.ओ. जारी किए गए हैं, जिसके एवज में उपार्जन केंद्रों से 2 लाख 60 हजार 849 मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

### संक्षिप्त खबरें

### अमन सिंह को अडानी ग्रूप ने कॉर्पोरेट ब्रांड कस्टोडियन किया नियुक्त



**रायपुर,19 नवम्बर 2022 (ए)।** भाजपा के शासनकाल में छत्तीसगढ़ में एक वरिष्ठ नौकरशाह के रूप में काम कर चुके अमन सिंह को अडानी समूह में कॉर्पोरेट ब्रांड संरक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में कई नीतियों और विकास को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

पूर्व आईआरएस अधिकारी भारतीय राजस्व सेवा के वर्ष-95 बैच के अमन सिंह छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह की सरकार में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव थे। वह वित्त और योजना के विशेषज्ञ हैं। वह अधिकारी हैं। बता दें कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के साथ काम करने के लिए उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद राज्य सरकार ने उन्हें संविदा नियुक्ति दी थी। छत्तीसगढ़ में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने राज्य के विकास और नीति पर गहरा प्रभाव डाला। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार के चले जाने के बाद अमन सिंह दिल्ली चले गए और उन्होंने कॉर्पोरेट क्षेत्र में काम किया। वह रतन इंडिया पावर के बोर्ड के वरिष्ठ सलाहकार थे। वे रतन इंडिया पावर में सीईओ भी थे। अब उन्हें अडानी ग्रुप में कॉरपोरेट ब्रांड कस्टोडियन नियुक्त किया गया है। वे अध्यक्ष के कार्यालय को रिपोर्ट करेंगे और अहमदाबाद में अडानी के मुख्यालय से काम करेंगे ।

### कोहरे से ट्रेनों की रफ्तार पर लगी ब्रेक

### 3 महीनों के लिए रेलवे ने रद्द की ये ट्रेनें



**रायपुर,19 नवम्बर 2022 (ए)।** जैसे ही ठंड बढ़ती है वैसे ही ट्रेनों के पहिये कोहरे के कारण थमने लगते है और यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है । भारतीय रेल जो दिन-रात चलती है सर्दियों के आते ही सभी ट्रेन लेट होने लगते है। हर साल की तरह इस वर्ष भी कोहरे के कारण बहुत से ट्रेनों पर ब्रेक लग गयी है। पूर्व मध्य रेल से गुजरने और खुलने वाली 10 जोड़ी ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। वहीं कुछ ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया है।

जानकारी के अनुसार पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि कोहरे को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा और सुरक्षित यात्रा को सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से दिनांक 01.12.2022 से 28.02.2023 तक कुछ ट्रेनों का परिचालन रद्द किया गया है। तो कुछ ट्रेनों के परिचालन के दिनों में कमी की गई थी। इसी क्रम में कुछ और ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है।

# फेरबदल के बाद सवाल,किसका होगा आईजी दफ्तर

## आईजी रायपुर रेंज में 2 आईजी होने से कार्यालय और ऑफिस स्टाफ में भी होगा बंटवारा, वर्तमान आईजी दफ्तर में आईजी शेख बैठेंगे या आईजी यादव इस पर महकमे में चर्चा

**रायपुर,19 नवम्बर 2022 (ए)।** छत्तीसगढ़ में पुलिस महकमे का शक्ति समीकरण बदला है। संकेत साफ हैं कि इस मोर्चे पर पुलिस की सक्रियता बढ़ने जा रही है। पिछले दिनों प्रशासन और पुलिस महकमें की समीक्षा के बाद से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बढ़ते क्राइम और लंबित मामलों को लेकर नाराजगी जाहिर किया था। उसके बाद जो सरकार को परिणाम दे ऐसे अधिकारीयों की तलाश तेज हो गई थी। काफी मंथन के बाद शक्ति, कार्य क्षेत्र और अफसरों की अनूठी जिम्मेदारी तय हुई है। इसके साथ ही रेंज और पुलिस जिलों में पहली बार ऐसा प्रयोगात्मक फेरबदल किया गया है जिसे खुद अफसर भी नहीं पचा पा रहे।

सवाल सभी के ज़ेहन में कौंध रहा है कि रायपुर रेंज और रायपुर जिलों का जिम्मा दो महानिरीक्षक स्तर के अफसरों को सौंपने का क्या तुक? क्या एक मात्र रायपुर जिला सम्हालने के लिए आईपीएस और सीपीएस अधिकारी की तादात बढ़ने से अपराध रोका जा सकेगा। जबकि राजधानी रायपुर की जनसंख्या करीब 21 लाख पार हो गई है और शहर का विस्तार भी हुआ है। ऐसे में अधिकारी नहीं थाना, चौकिया, और पुलिस बल बढ़ाया जाना चाहिए। जमीनी स्टाफ की किल्लत का अंदाज़ा इसी से लग जाता है कि एक पुलिस वाले के जिम्मे औसतन 800 लोग हैं।



रायपुर रेंज आईजी पद और कार्यक्षेत्र ही नहीं ऑफिस सेटअप को लेकर भी संशय की स्थिति है। क्योंकि आईजी आरिफ एच.शेख को रायपुर जिला छोड़कर रेंज के 4 जिलों का अधिकार दिया गया है और आईजी गुप्तवार्ता अजय यादव को रायपुर जिला का। ऐसे में अब तक रायपुर आईजी रेंज कार्यालय शंकर नगर में किसका अधिकार होगा यह स्पष्ट नहीं किया गया है। वैसे ही अब तक रायपुर रेंज के तहत महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद और बलौदा बाजार-भाटापारा समेत रायपुर जिला के लिए सेटअप और मैन पावर भी किस तरह से होगा यह चर्चा का विषय है।

आमतौर पर आईजी रायपुर जिला अजय यादव से अगर पुलिस कार्रवाई या न्याय की आस लेकर पीड़ित मुलाकाती क्या गुप्तवार्ता दफ्तर जायेंगे। आईजी रायपुर को क्या अलग से स्टाफ मिलेगा और रायपुर रेंज के 4 जिला देखने वाले आईजी आरिफ एच शेख को अतिरिक्त स्टाफ या पुराना स्टाफ में बंटवारा करना होगा? क्योंकि आईजी शेख के पास न्याय की आस लेकर 4 जिलों से लोग आएंगे।

# सुबोध सिंह को मिली पदोन्नति




## नागरिक आपूर्ति विभाग के बनाये गए एडिश्नल सेकरेट्री

**रायपुर,19 नवम्बर 2022 (ए)।** आईएएस सुबोध कुमार सिंह अब केंद्र में एडिश्नल सेकरेट्री फूड एंड पब्लिक डिस्ट्रिब्यूसन होंगे। आज एपाइंटमेंट कमेटी आफ द कैबिनेट ने सुबोध कुमार सिंह सहित कई अन्य आईएएस के प्रमोशन का आदेश जारी कर दिया है। हालांकि सुबोध सिंह का विभाग पूर्व की भांति नागरिक आपूर्ति ही रहेगा। 1997 बैच के आईएएस सुबोध कुमार सिंह के अलावे कई अन्य आईएएस अधिकारियों को नयी पोस्टिंग मिली है।

छत्तीसगढ़ कैडर के 9 आईएएस एडिश्नल सेकरेट्री लेवल के अधिकारी हैं। अमित अग्रवाल (1993 बैच), विकासशील (1994 बैच), निधि छिब्बर 1995 बैच) ऋचा शर्मा (1995 बैच) मनोज पिंगुआ (1995 बैच), गौरव द्विवेदी (1995 बैच), मनिदंर कौर (1995 बैच) सुबोध सिंह (1997 बैच), निहारिका बारिक (1997 बैच)। जबकि एम गीता का निधन हो चुका है।

# राज्य शासन के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों की पदस्थापना में हुआ फेरबदल



**रायपुर,19 नवम्बर 2022 (ए)।** छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग अटल नगर द्वारा देर रात राज्य शासन के निर्देश पर 7 आईपीएस अधिकारियों की पदस्थापना में फेरबदल हुआ। 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी डीएम अवस्थी को महानिदेशक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस राज्य पुलिस अकादमी चन्द्रखुरी से महानिदेशक ईओडब्ल्यू एवं एसीबी मुख्यालय रायपुर पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर रतन लाल डांगी 2003 बैच को पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज से निदेशक नेताजी सुभाषचन्द्र बोस राज्य पुलिस अकादमी चन्द्रखुरी रायपुर पदस्थ किया गया है। इसी तरह आनंद छाबड़ा 2001 बैच को पुलिस महानिदेशक गुप्तावार्ता पुलिस मुख्यालय रायपुर से पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज पदस्थ किया गया है। वहीं बद्री नारायण मीणा 2004 बैच को पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज से पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज एवं अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज का प्रभारी बनाया गया है। अजय कुमार यादव 2004 बैच को पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज से पुलिस महानिरीक्षक गुप्तावार्ता पुलिस मुख्यालय रायपुर एवं अतिरिक्त प्रभाार पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज (केवल जिला रायपुर का प्रभार) दिया गया है। शेख आरिफ हुसैन 2005 बैच को उप पुलिस महानिरीक्षक ईओडब्ल्यू एवं एसीबी मुख्यालय रायपुर को पुलिस महानिरीक्षक रायपुर जिले को छोड़कर महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार का प्रभार दिया गया है। रामगोपाल गर्ग 2007 बैच को उप पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज को प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज बनाया गया है। अवर सचिव मनोज कुमार श्रीवास्तव गृहमंत्रालय ने सातों पुलिस अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से संबंधित क्षेत्रों में पदभार एवं कार्यभार ग्रहण करने का आदेश जारी किया गया है।

# भानुप्रतापपुर में कांग्रेस ने झोंकी ताकत

## 43 विधायकों का आज से डेरा,एक विधायक को 2 से 8 बूथ का जिम्मा



**रायपुर/कांकेर ,19 नवम्बर 2022 (ए)।** छत्तीसगढ़ के भानुप्रतापपुर में हो रहे उपचुनाव में अपना गढ़ बचाये रखने के लिए कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी है। पूरे विधानसभा क्षेत्र को जोन-सेक्टर और बूथ में बांटकर स्थानीय नेताओं के साथ सेक्टर प्रबंधन के लिए पार्टी के 43 विधायकों को प्रभारी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा जा रहा है। एक सेक्टर में एक प्रभारी के जिम्मेदारी में दो से आठ बूथ की जिम्मेदारी दी गई है।

भानुप्रतापपुर विधानसभा में कांकेर जिले के तीन ब्लॉक के इलाके आ रहे हैं। इसमें भानुप्रतापपुर में सबसे अधिक 100 बूथ हैं। यहां पर 20 सेक्टर बनाये गए हैं। इसके राजनीतिक रूप से सबसे महत्वपूर्ण कोरर जोन के कोरर सेक्टर की जिम्मेदारी सबसे वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा को दी गई है।

सत्यानारायण शर्मा के साथ विधायक कुंवर सिंह निषाद को भी लगाया गया है। सेलेगांव , धनेंद्र साहू ,बैजपुरी में विधायक अंबिका सिंहदेव, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय और बेमेतरा से कांग्रेस नेता आशीष छाबड़ा भानुप्रतापपुर सेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है।


ब्लॉक चारामा में 103 बूथ और 18 सेक्टर हैं। यहां पर एक-एक सेक्टर में दो विधायकों को लगाया गया है। उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार ब्रह्मानंद नेताम का गांव इसी ब्लॉक में आता है। इसलिए यह राजनीतिक रूप से भी महत्वपूर्ण है। चुनाव प्रचार में आदिवासी और ओबीसी विधायकों को लगाया गया है। उनके साथ बस्तर के स्थानीय नेताओं को भी रखा गया है। तीसरे ब्लॉक दुर्गकोंदल में 61 बूथ हैं। वहां पर 12 सेक्टर बनाये गये हैं। चंदन कश्यप, इंद्रशाह मंडावी, केके ध्रुव, मोहित केरकेट् टा जैसे विधायकों को दुर्गकोंदल का गढ़ बचाने का जिम्मा सौंपा गया है।

### पांच राजनीतिक दल और 15 निर्दलीय मैदान में

भानुप्रतापपुर उपचुनाव से कांग्रेस-भाजपा के अलावा तीन और राजनीतिक दल मैदान में हैं। स्क्रूटनी के बाद कांग्रेस की सावित्री मंडावी, भारतीय जनता पार्टी के ब्रह्मानंद नेताम, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के घनश्याम जुर्री, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के डायमंड नेताम एवं आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के शिवलाल पुड़ो का नामांकन को वैध पाया गया है।

इनके अलावा अकबर कोर्राम, अर्जुन सिंह, आयनुराम ध्रुव, गौतम कुंजाम, जीवन राम ठाकुर, दिनेश कुमार कल्लो, दुर्योधन दर्रो, देवप्रसाद जुर्री, नागेश कुमार माहला, प्रमेश कुमार टेकाम, बलराम तेता, महत्तम कुमार दुग्गा, रेवतीरमन गोटा, रोहित कुमार नेताम, लक्ष्मीकांत गावड़े और सेवालाल चिराम ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया है।

# नक्सलियों ने फोर्स को निशाना बनाने रची थी बड़ी साजिश



**कोण्डासावली ,19 नवम्बर 2022 (ए)।** छत्तीसगढ़ में तैनात सीआरपीएफ के जवानों ने एक बार फिर नक्सलियों के नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया है। फोर्स को निशाना बनाने के लिए नक्सलियों ने एक बड़ा आईईडी पलांट किया था लेकिन सीआरपीएफके जवानों ने उसे निष्क्रिय कर दिया, नहीं तो फिर से एक बड़ा हादसा हो सकता था।

सीआरपीएफ 231 वीं वाहिनी के जवान आज शनिवार को एरिया डोमीनेशन ड्यूटी पर कमलपोस्ट से कोण्डासावली की ओर निकले थे। कमलपोस्ट से लगभग 600 मीटर की दूरी पर सीआरपीएफ के डॉग के ईशारे पर डॉग हैंडलर और बीडीडीएस सक्वॉयड ने आसपास के इलाकों की सतर्कता से छानबीन की।

इसी दौरान उन्हें कुछ तार दिखाई दिया। जिसकी जांच करने पर वहां 10 किलो का जिंदा आईईडी कमांड वायर मैकेनिज्म कन्टेनर नजर आया। जिसे टीम ने बरामद कर डिफ्यूज कर दिया। बताया जा रहा है कि इस शक्तिशाली आईईडी से भारी तबाही मच सकती थी।

सीआरपीएफ ने अब तक 132 आईईडी और 785 स्पाईक्स बरामद कर चुकी है। जिस इलाके में यह आईईडी बरामद की गई है, वह घोर नक्सल इलाका बताया जा रहा है। इस क्षेत्र में नक्सली लगातार फोर्स को निशाना बनाने का कई प्रयास कर चुके हैं। फिलहाल सीआरपीएफ की सक्रियता से एक बड़ा हादसा होने से बच गया।



### दुष्कर्म का आरोपी रुहाब मेमन एनएसयूआई से बर्खास्त

#### एक लाइन के आदेश में कही ये बात

**भानुप्रतापपुर ,19 नवम्बर 2022 (ए)।** भानुप्रतापपुर कालेज की छात्रा से दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव रूहाब मेमन को संगठन से बर्खास्त कर दिया गया है।मामले के सामने आने के बाद एनएसयूआई संगठन के प्रदेश प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल ने रूहाब मेमन को उनके पद से निष्कासित करने का पत्र जारी कर दिया है। एक लाइन के इस पत्र में रुहाब मेमन को संबोधित करते हुए लिखा है कि संगठन में लगातार निष्क्रियता अनुशासनहीनता व मिली शिकायतों के अनुसार आपको आगामी आदेश तक पद से निष्कासित किया जाता है।बता दें कि उपचुनाव के बीच छात्रा से दुष्कर्म और महासचिव रूहाब मेमन की गिरफ्तारी कांग्रेस के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा के छात्र विंग एबीवीपी की स्थानीय इकाई ने इस मामले को लेकर एसडीएम भानुप्रतापपुर को ज्ञापन सौंपकर आरोपी पर कठोर कार्वाई करने करने की मांग की थी। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस उपचुनाव में इस मुद्दे का कितना असर होता है।

### जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष,उपाध्यक्ष और सदस्यगण 21 नवम्बर को करेंगे पदभार ग्रहण



**रायपुर,19 नवम्बर 2022 (ए)।** छत्तीसगढ़ राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड के नियुक्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य का पदभार ग्रहण करेंगे। पदभार ग्रहण का यह कार्यक्रम कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे के मुख्य अतिथि आयोजित होगा। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य गौसेवा आयोग महामण्लेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री गिरीश देवांगन, छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष श्री रामगोपाल अग्रवाल विशेष अतिथि होंगे।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विद्याभूषण शुक्ला जिला बलौदा बाजार को बोर्ड का अध्यक्ष एवं श्री आलोक चंद्राकर जिला महासमुंद उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बोर्ड के सदस्य के रूप में मदनमोहन खण्डेलवाल जिला-धमतरी, श्री नारायण खंडेलिया जिला जांजगीर चांपा, श्री दानेश्वर साहू जिला बेमेतरा, श्री करण देव जिला सुकमा, श्री संजय जैन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एवं श्री मदन देवांगन जिला रायपुर का मनोनयन किया गया है।

### कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री का चुनाव प्रचार जोर-शोर से



**भानुप्रतापपुर ,19 नवम्बर 2022 (ए)।** भानुप्रतापपुर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी उमीदवार सावित्री मंडावी ने जब से नामांकन दाखिल किया है उसके बाद से उनके द्वारा चुनाव प्रचार-प्रसार जोर-शोर से किए जा रहे है। उनके साथ कांग्रेस पार्टी की कई महिला कार्यकर्ता यास्मीन, मिथलेश शोरी, मीना नवेली मंडावी, अम्बिका सिन्हा, संतोषी सिन्हा, उषा वट्टी, नरेंद्र यादव, अमन मंडावी, रानू सेन, कैलाश कठोलिया, महेंद्र नायक शामिल है। आपको बता दें कि पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष स्व. मनोज मंडावी की पत्नी तथा कांग्रेस उम्मीदवार सावित्री मंडावी ने गुरुवार को शक्तिप्रदर्शन और बड़ी रैलियों के साथ भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन दाखिल कर दिया है। मंडावी की नामांकन रैली में खुद सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ मरकाम और मंत्री मोहम्मद अकबर समेत रायपुर से बड़ी संख्या में पहुंचे नेता-कार्यकर्ता शामिल हुए। नामांकन के बाद सीएम भूपेश ने दावा किया कि भानुप्रतापपुर में जो रिकार्ड मनोज मंडावी (29 हजार से ज्यादा से जीत) ने बनाया, इस बार जीत उससे भी बड़ी होगी। जब नाम वापसी का समय आएगा, तब स्थिति स्पष्ट होगी कि कौन- कौन लड़ेगा। उन्होंने कहा कि चाहे दंतेवाड़ा हो, चित्रकोट, मरवाही या खैरागढ़ हो, भाजपा सभी उपचुनाव में हारी है और यहां भी वही होगा।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)